चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 86, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 25 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# नो कर्फ्यू नो दंगा, उत्तर प्रदेश में सब चंगा : योगी

## उपद्रव नहीं उत्सव प्रदेश है हमारा, अब माफिया नहीं महोत्सव का प्रदेश है हमारा: योगी

**शामली: प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन को उत्तर प्रदेश में भाजपा ने अपना मिशन बनाया है। इस मिशन को आपको साकार करना है। उन्होंने नारा देते हुए कहा कि उपद्रव नहीं उत्सव प्रदेश है हमारा, अब माफिया नहीं महोत्सव का प्रदेश है हमारा। नो कर्फ्यू नो दंगा, उत्तर प्रदेश में सब चंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गुंडा टैक्स वसूलने वालों की गर्मी शांत कर दी है। शामली के वीवी इंटर कॉलेज में सोमवार को आयोजित नगर निकाय उम्मीदवारों के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने शामली के अतीत और वर्तमान को याद करते हुए कहा कि शामली को गंगा और यमुना का आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है। विदेशी हुकूमत को भी हिलाने का काम किया और स्वतंत्र भारत में देश की सुरक्षा यहां के युवा कर रहे हैं। यहां के किसानों की समृद्ध परंपरा रही है। यहां के व्यापारियों ने विपरीत परिस्थितियों में देश-प्रदेश की समृद्धि के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि छह साल पहले शामली जनपद में कैराना, कांधला में पलायन, गुंडा राज,




दंगों का दंश, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, युवाओं की बेरोजगारी, व्यापार पर गुंडा टैक्स की वसूली, बिजली देने में भेदभाव, बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थी। प्रदेश में 75 जनपद थे, लेकिन बिजली केवल चार जनपदों में मिलती थी। छह वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। तब से छह वर्ष के अंदर तस्वीर बदल दी गई है। आज शामली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश इसका जीता-जागता उदाहरण है। आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कर्फ्यू नहीं लगता। अब कांवड़ यात्रा निकलती है। आज कर्फ्यू, दंगा नहीं, गुंडा टैक्स नहीं है।

### डबल इंजन सरकार में विकास की भरमार

सीएम योगी ने कहा कि छह वर्ष पहले दंगों की आग और कर्फ्यू का कफर, ना बेटी सुरक्षित ना माताओं का सम्मान। तुष्टीकरण की राजनीति व पलायन का दर्द यही शामली की पहचान बन गया था। छह वर्ष में डबल इंजन सरकार में व्यापारी सुरक्षित, बेटियां कुशल, व्यापार के लिए स्वनिधि, हर घर नल की योजना का लाभ, शांति, सुरक्षा और सौहार्द, समृद्धि चहुं ओर आज शामली की पहचान बन चुकी है। उन्होंने पूछा कि हम युवाओं के लिए कैसी सुविधा चाहते हैं। युवाओं के हाथ में तमंचे होने चाहिए या टेबलेट होने चाहिए। गोलियां की आवाज वाली गलियां चाहिए या भजन भजने वाली गलियां चाहिए। रंगदारी वसूलने वाले गुंडे चाहिए या सरकार की योजना को व्यापारी तक पहुंचाने वाले जनप्रतिनिधि चाहिए। शोहदों का आतंक चाहिए या फिल्म सिटी चाहिए। सडांध मारती गलियां चाहिए या स्मार्ट सिटी जैसे स्वच्छ और सुंदर नगर चाहिए। यह आपको तय करना है। छह वर्ष पहले जो कहा था, वह करके दिखाया है। युवाओं के हाथ में टेबलेट होने चाहिए। मंदिरों, गांवों और शहरों में भजन संध्या होने चाहिए।

## 'गांव के लोगों को बांटकर पार्टियों ने अपनी दुकानें चलाई', छिंदवाड़ा के जिन लोगों पर आपने भरोसा किया, वे विकास को लेकर उदासीन रहे

# पंचायती राज को मजबूत किया: पीएम

**रीवा: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर पंचायतों से भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पूज्य बापू कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन कांग्रेस ने गांधी के विचारों को अनसुना किया। 90 के दशक में पंचायती राज के नाम पर खानापूर्ति की। गांव के लोगों को बांटकर राजनीतिक दलों ने अपनी दुकानें चलाईं।

प्रधानमंत्री रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित पंचायती राज सम्मेलन में शामिल हुए। वे यहां 31 मिनट बोले। मोदी ने यहां से 2300 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट्स और 7853 करोड़ रुपए की 5 नल-जल योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। तीन ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा, मैं कई बार सोचता हूं कि छिंदवाड़ा के जिन लोगों पर आपने लंबे समय तक भरोसा किया, वे आपके विकास को लेकर, इस क्षेत्र के विकास को लेकर इतने उदासीन क्यों रहे। इसका जवाब कुछ राजनीतिक दलों की सोच में है। आजादी के बाद जिस दल ने सबसे ज्यादा सरकार चलाई, उसने ही गांवों का भरोसा तोड़ दिया। कांग्रेस शासन के दौरान गांवों को निचले पायदान पर रखा गया। गांवों के साथ इस तरह का सौतेला व्यवहार कर देश आगे नहीं बढ़ सकता।

**पिछली सरकारें गांवों पर पैसा खर्च करने से बचती थीं:** पहले की सरकारों ने गांवों के साथ बड़ा अन्याय किया। गांवों पर पैसा खर्च करने से बचती थीं। गांव अपने आप में कोई वोट बैंक तो था ही नहीं, इसीलिए उन्हें



नजरअंदाज किया जाता था। हमारी सरकार ने गांवों के विकास के लिए तिजोरी खोल दी। 2014 के बाद से देश ने पंचायतों के सशक्तिकरण का बीड़ा उठाया। 2014 से पहले पंचायतों के लिए वित्त आयोग का अनुदान 70 हजार करोड़ से भी कम था। 2014 के बाद यह अनुदान 70 हजार से बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया। 2014 से पहले के 10 साल में केंद्र सरकार की मदद से 6 हजार के आसपास पंचायत भवन बनवाए गए थे। हमारी सरकार ने 8 साल के अंदर 30 हजार से ज्यादा नए भवन बनवा दिए हैं।

**पहले गांवों तक पहुंचने वाला पैसा बीच में लुट जाता था:** हमारे गांव के लोगों का पहले देश के बैंकों पर अधिकार नहीं माना जाता था। भुला दिया गया था। लोगों के पास न बैंक खाते होते थे, न सुविधा मिलती थी। सरकार जो पैसा गांव के लोगों के लिए भेजती थी, वो भी बीच में ही लुट जाता था। हमारी सरकार ने इसे भी पूरी तरह बदल दिया। हमने जन-धन योजना चलाई। गांव के 40 करोड़ से ज्यादा लोगों के बैंक खाते खुलवाए। पोस्ट ऑफिस का उपयोग कर गांवों तक बैंक की पहुंच बनाई। आज इसका प्रभाव देश के हर गांव में नजर आ रहा है। सीधा पैसा लोगों के खाते में जा रहा है।

**आजादी के बाद सरकारों ने पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त किया:** पहले की सरकार ने ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने की योजना शुरू की थी, लेकिन देश की 70 से भी कम ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया। वो भी शहर के बाहर नजदीकी पंचायतों में...। आजादी के बाद की सरकारों ने भारत के पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त किया। आजादी के बाद इस व्यवस्था पर भरोसा नहीं किया। यह हमारी सरकार है, जो देश की 2 लाख से ज्यादा पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर को ले गई है। फर्क साफ है।

**इस रविवार 'मन की बात' की सेंचुरी है:** इस रविवार 'मन की बात' 100 एपिसोड पूरा कर रहा है। आप सभी के योगदान की वजह से ही 'मन की बात' आज इस मुकाम तक पहुंचा है।

मध्यप्रदेश के अनेक लोगों की उपलब्धियों का जिक्र मैंने 'मन की बात' से किया है। इस रविवार फिर मिलने के लिए इंतजार कर रहा हूं, क्योंकि सेंचुरी है। हमारे यहां इसका महत्व ज्यादा ही होता है। आप जरूर जुड़िएगा। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले पंचायती राज और ग्रामीण विकास से जुड़ी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में आजीविका मिशन, जन-धन योजना सहित तमाम सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी है। रीवा में मोदी का यह तीसरा दौरा था। इससे पहले वह मई 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान और दूसरी बार नवंबर 2018 में विधानसभा चुनाव के प्रचार में आए थे।

प्रधानमंत्री ने सबसे पहले पंचायती राज और ग्रामीण विकास से जुड़ी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में आजीविका मिशन, जन-धन योजना सहित तमाम सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी है। रीवा में मोदी का यह तीसरा दौरा था। इससे पहले वह मई 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान और दूसरी बार नवंबर 2018 में विधानसभा चुनाव के प्रचार में आए थे।

# सूडान से भारतीयों को निकालने की मुहिम जारी

**नई दिल्ली।** गृहयुद्ध की मार झेल रहे अफ्रीकी देश सूडान से भारतीयों को सुरक्षित निकालने की मुहिम जारी है और इस क्रम में 500 भारतीयों को पोर्ट सूडान पर पहुंचाया गया है, जहां से उन्हें भारत लाया जाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी चल रहा है। करीब 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच गए हैं और कुछ रास्ते में हैं। हमारे जहाज




और विमान उन्हें वापस लाने के लिए तैयार हैं। सूडान में हमारे सभी भाइयों की सहायता करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सूडान से भारतीयों को निकालने के लिए अन्य साझेदार देशों से सहयोग ले रहा है। हाल ही में फ्रांस ने 5 भारतीयों को अपने नागरिकों के लिए चलाए गए निकासी अभियान में वहां से निकाला। इससे पहले सऊदी अरब ने भी अपने नागरिकों के साथ कुछ भारतीयों को संकटग्रस्त सूडान से निकाला था।

## मशहूर लेखक तारिक फतेह का निधन

**नई दिल्ली: पाकिस्तानी** मूल के मशहूर लेखक तारिक फतेह का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी उम्र 73 थी। बेटी नताशा ने उनके निधन की पुष्टि की है। नताशा ने ट्वीट किया, 'पंजाब के शेर, हिन्दुस्तान के बेटे, कनाडा के प्रेमी, सच बोलने वाले, न्याय के लिए लड़ने वाले, दलितों और शोषितों की आवाज तारिक फतेह अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका काम और उनकी क्रांति उन सभी के साथ जारी रहेगी, जो उन्हें जानते और प्यार करते थे।

बता दें कि तारिक फतेह का परिवार मुंबई का रहने वाला था।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंची पहलवानों और महासंघ अध्यक्ष की 'कुश्ती'



**नई दिल्ली:** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और इखढ सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना दूसरे दिन सोमवार को भी जारी है। विनेश फोगाट समेत 8 पहलवान सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। इन्होंने बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की है। पहलवानों ने हरियाणा की खाप पंचायतों से समर्थन मांगा है। उन्होंने खापों से माफी मांगते हुए कहा, 'पिछली बार हमसे भूल हो गई थी। आज हमें आप सभी की बहुत जरूरत है। हमारा साथ दीजिए।' सुबह बजरंग पूनिया ने कहा था कि इस मंच पर सभी राजनीतिक दलों का स्वागत है। हालांकि जनवरी में प्रदर्शन के दौरान मंच पर किसी भी राजनीतिक दल को परमिशन नहीं दी थी। इस बीच, इंडियन रेसलिंग फेडरेशन के 7 मई से होने वाले चुनाव रोक दिए गए हैं। ओलिंपिक्स एसोसिएशन चुनाव के लिए एक एग्जिक्यूटिव कमेटी बनाएगी। वहीं दिल्ली पुलिस ने इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन और केंद्रीय खेल मंत्रालय की बनाई दोनों जांच कमेटियों की रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा, दिल्ली पुलिस ने सांसद बृजभूषण पर लगे आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बजरंग पूनिया ने कहा, 'इस बार सभी दलों का हमारे धरने में शामिल होने के लिए स्वागत है, चाहे वह भाजपा, कांग्रेस, आप या कोई अन्य पार्टी हो। हम किसी भी पार्टी से जुड़े नहीं हैं।' पिछली बार जनवरी में पहलवानों ने किसी भी पार्टी के नेताओं को मंच पर नहीं आने दिया था। पूर्व गर्वनर सत्यपाल मलिक ने पूछा कि सरकार किस मुंह से बेटी बचाओ का नारा देती है।

## मामलों को लेकर सिटिंग जज का इंटरव्यू देने का कोई औचित्य नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने कहा है कि कोर्ट में लंबित मामलों को लेकर सिटिंग जज का इंटरव्यू देने का कोई औचित्य नहीं बनता है। अगर वो इंटरव्यू दे रहे हैं, तो फिर उन्हें उस मामले को सुनना भी नहीं चाहिए। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने ये टिप्पणी कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय के टीवी चैनल को दिए गए इंटरव्यू को लेकर की। पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस गंगोपाध्याय ने टीवी इंटरव्यू में तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी के खिलाफ बयान दिया था। आज जब चीफ जस्टिस को इसकी जानकारी दी गई तो उन्होंने इस पर नाराजगी जाहिर की। चीफ जस्टिस ने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से कहा कि वो जस्टिस गंगोपाध्याय से बात कर पता करें कि क्या उन्होंने कोई इंटरव्यू दिया है। रजिस्ट्रार जनरल हलफनामा दायर कर बताएं कि अगर वाकई उन्होंने इंटरव्यू दिया है।

# मैं चाहती हूं भाजपा जीरो बन जाए: ममता

**पटना/कोलकता:** विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए बिहार के नीतीश कुमार सोमवार दोपहर कोलकाता पहुंचे। दक्षिणी कोलकाता के कालीघाट स्थित ममता बनर्जी के आवास पर उनके मुलाकात की। दोनों नेताओं ने एक स्वर में भाजपा के खिलाफ 2024 में लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने की बात कही। ममता बनर्जी ने कहा कि हमलोगों का मिशन क्लियर है। वहीं नीतीश कुमार ने कहा कि देश में विकास के लिए कोई काम नहीं हो रहा है। ममता बनर्जी से बातचीत के सवाल पर सीएम नीतीश ने कहा कि बहुत पॉजिटिव बात हुई है।



**जेपी मूवमेंट की शुरूआत बिहार से हुई थी:** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मुझे खुशी हुई कि नीतीश और तेजस्वी जी अपने मंत्रियों के साथ आए। ममता बनर्जी ने कहा कि हम लोगों ने नीतीश जी से रिक्वेस्ट किया है कि जिस तरह से जेपी मूवमेंट की शुरूआत बिहार से हुई थी। अगर हमलोग बिहार में सभी पार्टी मिलकर मीटिंग करें। कहां जाना है? क्या करना है? क्या मेनिफेस्टो बनाना है? यह सब बाद में तय करेंगे। लेकिन पहले एक मैसेज देना है कि हमलोग सब एक साथ हैं। मेरा इसमें कोई एतराज नहीं है।

**बहुत बड़े हीरो बन गए लेकिन कुछ नहीं कर पाए:** मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि मैं चाहती हूं कि बीजेपी जीरो बन जाए। बहुत बड़े हीरो बन गए लेकिन कुछ नहीं कर पाए। मीडिया के सपोर्ट में और नैरेटिव बनाकर। यह लोग केवल झूठ बोलते हैं। फेक वीडियो बनाते हैं और गुंडागर्दी करते हैं ऐसा नहीं चल सकता। इसीलिए नीतीश जी सब लोगों से बात करेंगे।

# अतीक-अशरफ की हत्या मामले पर 28 अप्रैल को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या मामले की जांच की मांग पर 28 अप्रैल को सुनवाई करेगा। यह मामला आज सुना जाना था, लेकिन कई जजों के अस्वस्थ होने के चलते लिस्ट में नहीं आ पाया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिकाकर्ता को 28 अप्रैल को सुनवाई का आश्वासन दिया। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या के मामले पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अमिताभ ठाकुर ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिख कर इस मामले पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। अमिताभ ठाकुर ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की है।



इसके अलावा वकील विशाल तिवारी की याचिका में मांग की गई है कि अतीक अहमद और उसके भाई की पुलिस हिरासत में हुई हत्या की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से कराई जाए। याचिका में उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद हुए 187 एनकाउंटर की जांच करने की मांग की गई है। यूपी सरकार ने इस हत्याकांड की जांच इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व अरविंद तिवारी की अध्यक्षता में गठित न्यायिक आयोग को सौंपी है। 15 अप्रैल की रात में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को पुलिस मेडिकल जांच कराकर लौट रही थी। इसी बीच तीन हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अतीक अहमद ने मार्च में अपनी हत्या की आशंका जताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अतीक अहमद ने आशंका जताई थी कि उसे गुजरात से यूपी ले जाते समय हत्या की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करने से ये कहते हुए इनकार कर दिया था कि वो अब गुजरात से यूपी लाया जा चुका है।

# उत्तर चोल काल की भगवान हनुमान की मूर्ति को ऑस्ट्रेलिया से लाया गया वापस

**नई दिल्ली: विदेशी** धरती पर स्वदेशी धरोहरों को वापस लाने के मुहिम के तहत 15वीं शताब्दी की भगवान हनुमान की मूर्ति को ऑस्ट्रेलिया से वापस लाया गया है। अरियालुर जिले के पोट्टावेली वेल्लुर के वरताराजा पेरुमल के विष्णु मंदिर से हनुमान की मूर्ति चोरी हो गई थी। यह उत्तर चोल काल (14वीं-15वीं शताब्दी) से संबंधित है। यह वर्ष 1961 में "पांडिचेरी के फ्रांसीसी संस्थान" द्वारा प्रलेखित किया गया था।



पुरात्तव विभाग के अनुसार मूर्तिकला को कैनबरा में यूएस सीडीए माइकल गोल्डमैन, यूएस दूतावास द्वारा कैनबरा में भारत के उच्चायुक्त को सौंप दिया गया था। मूर्ति को फरवरी,के अंतिम सप्ताह में भारत लाया गया था और 18 अप्रैल को तमिलनाडु को सौंप दिया गया था। बता दें कि भारत सरकार देश के भीतर देश की पुरातन विरासत को सुरक्षित रखने की दिशा में अब तक 251 पुरावशेष विभिन्न देशों से वापस लाए गए हैं, जिनमें से 238 को 2014 से वापस लाया गया है।

### खबर संक्षेप

#### दबंगों ने मऊआइमा के एक परिवार को मारपीटकर सोशल मीडिया पर कर रहे बदनाम

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद में एक पक्ष के परिवार को गिरा कर मारे पीटे ।आरोप है कि महिला का मंगलसूत्र ,कान का जेवर छिन लिए ।थाने में तहरीर देने पर उल्टा फर्जी मुकदमा में फंसाने की अफसरों को दे रहे हैं शिकायतीपत्र। भुक्तभोगी ने न्याय की गुहार लगाई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम धरौता निवासी अमर सिंह पुत्र स्वर्गीय राज किशोर सरोज अपने भूमिधरी जमीन पर पैमाइश के पूर्व से कब्जा दखल चला आ रहा है। आरोप है कि जमीन के शेष भाग पर कतिपय दबंग कब्जा करके अमर सिंह, उनकी पत्नी शिव कुमारी एंव पुत्र शुभम ,अमन को दांत काट कर जख्मी कर दिए। तथा भाई जगदीश को भी जमीन पर गिरा कर मारे पीटे आरोप है कि अमर सिंह की पत्नी शिव कुमारी का बाल नोंच कर मंगलसूत्र ,कान की बाली नोंच कर भाग गए। अमर सिंह ने थाने में तहरीर दी तो आरोप है कि उल्टा विपक्षी अफसरों को शिकायतीपत्र देकर ट्विटर, सोशल मीडिया पर फर्जी ढंग से छेडखानी ,दुराचार में फंसाने के लिए सपा नेता कहा जा रहा है। भुक्तभोगी ने अधिकारियों को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई गई।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत चाचा गंभीर रूप से घायल

अखंड भारत संदेश



**उतरांव।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रिखीपुर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास का है। जहां इंडियन आयल पेट्रोल पंप के सामने सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी हंडिया पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य हंडिया भेजा गया जहां पर उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार उतरांव थाना क्षेत्र के बरेठी डिहवा निवासी राजेंद्र कुमार कुशवाहा उर्फ पप्पू उम्र 45 वर्ष पुत्र शंभूनाथ व चाचा राम शिरोमणि कुशवाहा पुत्र झगड़ू कुशवाहा उम्र लगभग 57 वर्ष जो कि धौराहरा गांव स्थित अपने मौसी के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए आए थे और वहां से वापस जाते समय जैसे ही रिखीपुर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही डंपर में पिछले चक्का के नीचे घुस गई। जिसमें राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा पुत्र शंभू नाथ कुशवाहा उम्र 45 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मृतक के चाचा राम शिरोमण कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हैं।मृतक का पिता मजदूरी करता है।तथा मृतक सब्जी बेचने काम करता था।मृतक चार भाइयो मे सबसे बड़ा था। वही मौत की सूचना मिलने पर आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंची। युवक की मौत से पत्नी गीता देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### 112 नम्बर के पहुंचने से विधुत कर्मी की बची जान, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बिजली का उपभोग करने और बकाया भुगतान न करने पर जब विधुत कर्मी पहुंचे तो उन्हें गालियां देते हुए जान से मारने के लिए दौडा लिया गया। डायल 112 नम्बर के पहुंच जाने से किसी तरह जान बची। अवर अभियंता ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर उप केन्द्र के बिकली कर्मी सूर्य प्रकाश यादव अपने सहयोगी अमित के साथ बकाया भुगतान एंव रूटीन पर ग्राम जयसिंह का पूरा गए थे। आरोप की एक महिला और उसके परिवार के लोगों ने लिए डायल.112, पर सूचना पर पुलिस के पहुंचने पर भाग गए। अवर अभियंता अमित कुमार ने मऊआइमा थाने में नदिनी पत्नी लक्ष्मी प्रसाद, परिवार के कृष्ण कुमार उर्फ बुदुन पुत्र नन्हें के खिलाफ सरकारी काम में बाधा ,जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज करा दिया है।



### 7 साल की नग्न बच्ची का शव तालाब के किनारे मिला ग्रामीणों में हड़कंप

**जंघई।** बभनियांव गाँव में तालाब के समीप एक 7 साल की अज्ञात बच्ची का शव नग्न अवस्था में मिलने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मीरगंज थानांतर्गत बभनियांव गाँव के राजाराम पुरा बस्ती के दक्षिण तालाब के पास एक व्यक्ति शौच करने गया तो उसे तालाब के किनारे एक 7 साल की बच्ची का शव नग्न अवस्था मे दिखा तो लोगो ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया तो मौके पर थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता सीओ मछलीशहर अतर सिंह तथा पंवारा एवं मुंगरा बादाशाहपुर की पुलिस मौके पर पहुंच गयी। शव तालाब के किनारे पड़ा था शव देखने से प्रतीत होता है की शव दो तीन दिन पहले तालाब के पानी मे डाला गया था कुत्ते शव को खींचकर किनारे तक ले गये होंगे शव फूल गया था और बदबू आ रही थी। तालाब के किनारे एक छोटी सी मटकी और फूल माला रखा गया है आशंका व्यक्त की जा रही है कि कोई अंध विश्वासी शव को भूत प्रेत करके चला गया होगा। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सीओ मछलीशहर अतर सिंह का कहना है की प्रथम दृष्टया शव को देखने से लग रहा है की कोई अंधविश्वासी तालाब के किनारे अंधविश्वास में भूत प्रेत किया होगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है शव की पहचान नही हो पाई है।

# तूफान से टूट गया गंगा में बने पार्टून पुल, बड़ा हादसा होने से बचा

अखंड भारत संदेश



**मांडा प्रयागराज।** मेजा के मांडा के डेंगुरपुर गंगा घर से धनतुलसी गंगा घाट के लिए बनाया गया पांटून पुल तेज आंधी तूफान में दो भागों में बंट गया है। इससे राहगीरों में खलबली मच गई है। गनीमत रही कि पांटून पुल के इस हादसे के दौरान कोई वाहन या राहगीर पुल पर मौजूद नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।बता दें कि प्रयागराज व भदोही सहित दो जनपदों को कम दूरी में जोड़ने के लिए बीते माह मांडा के डेंगुरपुर गंगा घाट से भदोही के धनतुलसी घाट के लिए लोक निर्माण विभाग ने लाखों की लागत से पांटून पुल का निर्माण कार्य कराया था। विभागीय लापरवाही के चलते निर्माण में लापरवाही भी बरती गई थी। जिससे आए दिन राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती थी।

**बैरिकेडिंग लगाकर रोका गया वाहन :** वहीं बीती रात अचानक आई तेज आंधी तूफान में पांटून पुल दो भागों में बंट गया। इससे आसपास के लोगो सहित राहगीरों में खलबली मच गई है। कर्मचारियों द्वारा दोनों तरफ घाटों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है।बताया जा रहा है कि पांटून पुल दो भागों में बंटने के बाद बीच गंगा में जा पहुंचा है। इसे कड़ी मशक्कत के बाद दुरुस्त कराया जा सकेगा। इसकी सूचना पर राहगीरों ही नहीं, बल्कि आलाधिकारियों की भी हलचल बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि आज भदोही एवं प्रयागराज जिले के डीएम सहित अफसरों का निरीक्षण हो सकता है। ऐसी दशा में किसके ऊपर गाज गिरेगी। यह आम जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**जेई बोले- दुरुस्त करने के बाद आवागमन शुरू होगा :** मामले में लोक निर्माण विभाग के जेई सुमित राय ने बताया कि तेज तूफान के कारण ऐसा हुआ है। अवागमन बाधित करा दिया गया है। कोई अनहोनी नहीं हुआ है। जल्द ही दुरुस्तीकरण के बाद आवागमन शुरू हो जाएगा।

### दो अलग अलग गांवों में मार पीट पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मार पीट पुलिस ने दोनों मामलों में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ के देल्हूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देल्हूपुर निवासी गिरीराज सिंह पुत्र भीम सिंह का आरोप है कि गांव के कतिपय लोग मऊआइमा शराब पीलाने लाए। गिरीराज सिंह का आरोप है कि उसे शराब पीला कर जमकर पीटे। गालियां भी दी। गिरीराज ने मऊआइमा थाने में सौरभ कुमार यादव, गजेंद्र यादव ,सूरज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दूसरी घटना मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासी बकरीदी पुत्र मुतुर्जा का आरोप है कि बकरी के विवाद को लेकर घर में घुस कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारा पीटा गया। बकरीदी ने राजू और मोईनुद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# भूमाफियाओं ने तोड़ दी प्रकाश बालिका इंटर कालेज डीहा की बाउंड्रीवॉल

अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील अंतर्गत प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज डीहा की बाउंड्री वॉल को कुछ दबंगों ने शोरेपुश्ती के बल पर गिरवा दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी और चले गए। इस घटना से तनाव व्याप्त है। जिला पंचायत सदस्य व विद्यालय प्रबंधक ने इस संबंध में करछना थाने में नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया है कि भूमाफियाओं ने ऐसी घटना की है।करछना के डीहा गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य डा. विजय बाबू यादव गांव में ही प्रकाश बालिका इंटर कालेज चलाते है। उसके वह प्रबंधक है। उनकी भीरपुर और डीहा में प्रकाश हॉस्पिटल चलाते है। डॉ विजय बाबू के मुताबिक डीहा गांव में उनका बालिका विद्यालय पिछले कई वर्षों से संचालित हो रहा है। गांव के कुछ दबंग लोग आए दिन उत्पात मचाकर शैक्षणिक कार्य प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।कुछ भूमाफियाओं ने मिलकर विद्यालय की बाउंड्री वाल गिरा दी और शिक्षण कार्य बंद कराने की धमकी देते हुए गाली गलौज किया। डॉ विजय बाबू ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में करछना तहसील में नामजद तहरीर दी है। उनका आरोप है कि विद्यालय की चारदीवारी में तोड़फोड़ करने वाले भूमाफिया हैं और गुंडई के बल पर लोगों की

**प्रबंधक ने लगाया शैक्षणिक कार्य प्रभावित करने का आरोप**



जमीन हथियाने का उनका धंधा है। लाख शिकायत के बावजूद उन पर कार्यवाही नहीं होती। जिससे वह मनबढ़ बने हुए हैं। डा. विजय बाबू के मुताबिक आरोपियों पर इससे पहले धोखाधड़ी मारपीट अपहरण और अन्य धाराओं में कई मुकदमा पंजीकृत हैं। विद्यालय में इससे पहले भी तोड़फोड़ की दो बार घटना हो चुकी है।



# खाद्यान्न की दुकान का आवंटन के दौरान बबुरा में बवाल

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के बबुरा गांव सरकारी राशन के कोटे की दुकान का आज आवंटन होना था। इसके लिए गांव में खुली बैठक बुलाई गई थी। जिसमे ग्रामीणों के अलावा वर्तमान बीडीसी सदस्य प्रेमचंद्र, श्रीराम त्रिपाठी, पंकज, पुष्पराज, पुष्पराज का भाई नीरज आदि भी मौजूद थे। मौके पर पहुंचे तहसील प्रशासन और खाद्य विभाग की टीम कार्यवाही रजिस्टर पर नाम दर्ज करना शुरू ही किए थे। तभी कुछ लोगो ने हंगामा शुरू कर दिया। झगड़ा बैठने को लेकर हुआ। कुछ ही देर में मारपीट होने लगी। जमकर बवाल हुआ। दस्तावेज फाड दिए गए। जिससे खाद्यान्न वितरण आवंटन दुकान का निस्तारण नहीं हो सका। चुनाव ड्यूटी में लगे विकास खंड करछना के सचिव अमरेश सिंह, महेश कुमार दो अन्य और कर्मचारी ब्लॉक करछना से लगाए गए थे। बवाल की स्थिति देखते हुए पुलिस भी भीड़ को संभाल नहीं सकी। सैकड़ों की भीड़ जुटी थी। हाथापाई के दौरान गाली गलौज हुई। पुलिस और ब्लॉक कर्मचारी भाग निकले। मौके पर दुकान आवंटन की कोई कार्रवाई नहीं हुई। अभी तक अधिकारियों को कोई लिखित सूचना नहीं दी गई है।

# श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज के सौजन्य से पिछले पांच वर्षों से चलाएं जा रहे निरंतर जागरूकता स्वच्छता अभियान की कड़ी में रविवार को कार्यक्रम अधिकारी आत्म प्रकाश यादव के नेतृत्व में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन मानस, दर्शनार्थियों एवं शिवभक्तों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। पदाधिकारी महेश यादव ने कहा कि निरंतर सरस्वती परिवार द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान से लोग जागरूक हुए हैं, पहले की अपेक्षा अब गंदगी कम मात्रा में दिखायी पड़ती है। कार्यक्रम में संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा, धीरज यादव,सहदेव चौरसिया, संदीप सिंह, महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा,डां एसबी यादव, ऋषि दीक्षित, रवि पटेल, बब्रुवाहन सिंह, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, संदीप कुमार सिंह, धीरज कुमार राजवानी,






सौरभ यादव, गौरव यादव, आर्यन यादव, आदर्श पाल,शनि यादव, कुंवर अलख प्रताप सिंह,राम वचन,तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### न्यूज झरोखा

#### गरियांव श्रीराम कथा में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ संपन्न हुई कथा



**जंघई।** गरियांव गांव में मुख्य यजमान शोभनाथ मिश्र के निवास पर चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के समापन दिवस पर कथा वाचक रसराज मृदुल महाराज वृंदावन धाम ने नौवें दिन की कथा में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक एवं मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र चित्रण व जीवनी का वर्णन कर भगवान श्रीराम के जीवन के आदर्श व गुणों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। नौ दिवसीय श्रीराम कथा में सैकड़ो की संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग, माताएं-बहनें व युवा उपस्थित रहे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर रहा।कथा आयोजक भरत मिश्र एवं परिजनों ने आए हुए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए आरती प्रसाद वितरण करवाया।इस अवसर पर जटाशंकर मिश्र, रमेश कुमार मिश्र, दिनेश कुमार मिश्र, अशोक कुमार मिश्र, आशीष मिश्र, उत्तम मिश्र, अंकित, आलोक, मध्यम, श्लोक, उत्सव, शुभम, कुशल, आयुष, कृष्णा, यश, समीक्षा, स्वीटी, मुक्ता, सनाया, रिद्धि, सिद्धी मिश्र सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

#### फीता काटकर क्षेत्रीय विधायक ने किया फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ



**सहसों।** हण्डिया कोखराज नेशनल हाईवे पर जगबंधन पुर गांव स्थित सोमवार को ऋषि राम फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल तथा ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने ने फीता काटकर नवसृजित ऋषि राम फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ किया। फिलिंग स्टेशन के शुभारंभ से पहले सर्वप्रथम आचार्य विद्वान से वैदिक मंत्रों द्वारा विधि-विधान से संचालक के हाथों आवाहित देवी देवताओं की पूजा एवं धूप दीप तथा आरती उतारी गई। तत्पश्चात उपस्थित लोगों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का संचालक रविन्द्र प्रताप सिंह ने स्वागत करते हुए आतिथ्य सत्कार किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , टी एन सिंह, जितेन्द्र सिंह, अमर बहादुर सिंह, बद्री प्रसाद सिंह, बबलू सिंह, सरिता सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

#### टयूबवेल का कुंडी काट कर स्टेप्लाइजर सहित कई सामान चोरी

**मऊआइमा।** मऊआइमा के जमखुरी गांव में एक टयूबवेल का कुंडी काट कर चोरों ने स्टेप्लाइजर सहित अनेकों सामान चोर चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखुरी निवासी धीरज कुमार पुत्र नन्द लाल अपने खेत में घर बना कर टयूबवेल मशीन लगाए हुए हैं। बीती रात चोरों ने घर की कुंडी काट कर स्टेप्लाइजर सहित अनेकों सामान चोरी कर ले गए। सोमवार को धीरज कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है।

# सिद्धांत विहीन हुई राजनीति, निजी स्वार्थ हावी : संदीप पटेल

अखंड भारत संदेश




**शंकरगढ़ से सपा प्रत्याशी कंचन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील**

**जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने कहा, अब परिवर्तन चाहती है क्षेत्र की जनता**

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कंचन कुमारी के समर्थन में पार्टी कार्यकताओं की बैठक हुई, साथ ही चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। पार्टी कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभावी व मेजा विधायक संदीप पटेल ने कहा कि आज की राजनीति से सिद्धांत लुप्त हो गए हैं। लोग स्वार्थ की राजनीति करने लगे हैं। इससे लोगों की उम्मीदें टूट रही हैं। समाजवादी पार्टी आज भी समाजवादी आंदोलन को जिंदा रखे हुए है और उसी विचारों पर आगे चलते हुए आमजन के हितों की लड़ाई लड़ रही है। मेजा विधायक संदीप पटेल ने कहा, चुनाव चिन्ह मिलने के बाद अब सपा की सीधी लड़ाई भाजपा से है। इसलिए आप सभी लोग एक होकर सपा प्रत्याशी को जिताएं। समाजवादी आंदोलन में भरोसा होगा तो साइकिल अवश्य जीतेगी। चुनाव प्रभारी ने कहा कि यह (निकाय चुनाव) लोकसभा का उपचुनाव है। इस चुनाव में मिलने वाली जीत से एक संदेश जाएगा। इसलिए आप सभी लोग ईमानदारी के साथ पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में जुट जाएं और सपा का परचम लहराइए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी गांव-गांव से खुशहाली लाना चाहती है। संविधान बचाना चाहती है। इसलिए सपा को हर हाल में जिताइए। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव सत्यभामा मिश्रा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से समाज के पिछड़े तबके की लड़ाई लड़ती आई है। समाजवादी का यह संघर्ष आगे भी अनवरत जारी रहेगा। इसके लिए सभी को एक होकर पार्टी को प्रत्याशी को जिताना होगा। जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा कि इस समय हम भले ही विपक्ष में हैं, लेकिन जनता अब परिवर्तन चाहती है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए हम सभी को एक होकर पार्टी प्रत्याशी कंचन कुमारी को विजई बनाना होगा। इसके पूर्व कस्बे के रानीगंज रोड पर पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जबकि रामेश्वर वाटिका में आयोजित बैठक का संचालन बालेंद्र पटेल ने किया। इस मौके पर भागीरथी बिंद, कृपाशंकर बिंद, मीरा निषाद, अंजू शर्मा, पूर्व प्रमुख गुलाब कली, तेजबली सिंह, बृजभानु सिंह, सुशील पांडेय, दिनेश सिंह, बसंतलाल केसरवानी, राजकरन सिंह पटेल, इंद्रसेन सिंह, अजय सिंह, अनुज मिश्रा, संजय तोमर, बृजेश यादव, राजेश चौधरी, सपा प्रत्याशी कंचन चौधरी, सभासद प्रत्याशी रानी पांडेय,जानू समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट मे आने से बाइक सवार जीजा-साला गंभीर

**मेजा।** मेजा के लोटाढ गांव के समीप बड़ी नहर की सड़क पर अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट मे आने से बाइक सवार जीजा-साला गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से घायलों को नाजुक हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा भेजा गया। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मेजा के गुनई गांव निवासी शुभम गौड़ पुत्र स्व श्यामलाल अपने जीजा सतीश गौड़ पुत्र स्व राजकुमार निवासी बरांव, करछना को मेजारोड चौराहे से बाइक से बैठाकर अपने घर गुनई गहरपुर जा रहा था कि जैसे ही वह मेजा थाना क्षेत्र के लोटाढ-अमोरा नहर की पुलिया के समीप पहुंचा ही था कि अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पीछे से बाइक मे टक्कर मार दिया। जिससे शुभम और सतीश ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## खबर संक्षेप

### चौखटा की बाग में गमछा बिछाए बैठे थे जुआरी, चार गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने सोमवार को चार जुआरिओं को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के चौखटा बाग से की गई है। जुआरियों के पास से पुलिस को नगदी और ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। यह जानकारी देते हुए एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के चौखटा बगीचे में थाने की पुलिस टीम ने छापा मारा। इस दौरान पंकज केसरवानी पुत्र भोलानाथ केसरवानी (भारतनगर, शंकरगढ़), जगतपाल सेन पुत्र मुंशीलाल सेन (लोहरा, रामाश्रय का पुरवा, शंकरगढ़), कमलभान केवट पुत्र दादू लाल (लोहरा, जागिरहवा, शंकरगढ़) और शिवकुमार केवट पुत्र स्व. श्यामबिहारी (लोहरा, भगतान पुरवा, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी में 950/- रुपये नकद व माल फड़ से 2750 रुपये व ताश के पत्ते बरामद हुए। पूछताछ के बाद चारों का चालान कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई संतोष कुमार सिंह, कांस्टेबल रामजीत यादव, प्रभुनारायण पांडेय, सागर देवलिया व मनोज कुमार सिंह शामिल रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस आयुक्त ने केपी इं.का. ग्राउंड में की जा रही तैयारियों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त रमित शर्मा एवं जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने सोमवार को नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की तैयारियों के दृष्टिगत पार्टी रवाना स्थल के0पी0 इण्टर कालेज ग्राउण्ड में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, एसडीएम सदर, समस्त अपर नगर मजिस्टेट, अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी अन्य सम्बंधित अधिकारियों से नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु मतदान को सम्पन्न कराने के लिए मतदान पार्टी प्रस्थान स्थल, आर0ओ0/ए0आर0ओ0 काउंटर, जोनल/सेक्टर मजिस्टेज्ट काउंटर, टेबलों का अरेजमेंट, ड्यूटी चेक करने हेतु कंट्रोल रूम बनाये जाने, ईवीएम व चुनाव सामाग्री वितरण काउंटर, सामाग्री मिलान स्थल, पार्किंग की व्यवस्था, स्वास्थ्य, परिसर की साफ-सफाई, विद्युत, टेण्ट, पेयजल, रिजर्व पोलिंग कर्मियों के बैठने का स्थान आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की व तैयारी हेतु प्लान बनाने के लिए आवश्यक



दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने मतदान दिवस के पूर्व दिनांक 03 मई, 2023 को पोलिंग पार्टी रवाना स्थल के0पी0 इण्टर कालेज ग्राउण्ड में मतदान कर्मियों के द्वारा ड्यूटी पत्र प्राप्त करने के पश्चात ईवीएम मशीनों व चुनाव सामाग्री को प्राप्त करने व उनके मिलान हेतु बनाये जा रहे काउंटरों, स्थानों के बारे में जानकारी ली तथा प्रत्येक के लिए अलग-अलग टेण्ट लगाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी काउंटरों व टेण्टों में साइनेज लगवाने हेतु निर्देशित किया है, जिससे कि मतदान कर्मियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नगर निगम के अधिकारियों को वहां पर साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था, गर्मी को देखते हुए पंखा, कूलर, पीने के पानी, टेण्ट की व्यवस्था व मोबाइल टॉयलेट लगाये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने एआरटीओ से के0पी0 ग्राउण्ड में पार्टियों को मतदान स्थल तक ले जाने वाले वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, वाहन संख्या, रूट चार्ट व संख्या के अनुसार व्यवस्थित ढंग से उन्हें खड़ा किए जाने व साइनेज लगवाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने पार्टी रवाना स्थल पर चिकित्सकों की टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था भी किए जाने हेतु कहा है। पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने लगभग 10 हजार लोगो की संख्या को देखते हुए यातायात की समुचित व्यवस्था हेतु पार्किंग, टैफिक मूवमेंट व डायवर्जन हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने नवीन महिला सेवा सदन इण्टर कालेज, पुराना बैरहना व एनी बेसेंट गर्ल्स इण्टर मीडिएट कालेज, बघाड़ा में निर्वाचन हेतु बनाये गये मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने मतदेय स्थल में आने-जाने के रास्ते, मतदेय स्थल का विवरण लिखे जाने, पीने के पानी, प्रकाश, छाया, भवन की स्थिति को देखा तथा एसडीएम सदर, सम्बंधित अपर नगर मजिस्टेट, तहसीलदार को उनसे सम्बंधित बूथों का स्वयं भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण करने के लिए कहा है, जिससे कि किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहने पाये। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में किसी जर्जर भवन में कोई भी मतदान केन्द्र न बनाया जाये। चिन्हित संवेदनशील केन्द्रों पर वीडियो रिकार्डिंग करवाने के लिए कहा है। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्क्रीनिंग कमेटी की अनुमति पर ही रख सकेंगे शस्त्र




**झूंसी।** नगर निगम चुनाव का बिगुल बजते ही पुलिस प्रशासन भी चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने की कवायद में लग गया है। शरारती शस्त्र धारक पुलिस की रडार पर है। नगर निगम चुनाव को देखते हुए नगरीय सीमा में शामिल सभी शस्त्र धारको के शस्त्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पुलिस सब से पहले उनके शस्त्र जमा कराने पर जोर दे रही है जिनकी वजह से शांति भंग होने का खतरा है। शस्त्र रखने की परमिशन उसी को मिलेगी जिसकी स्क्रीनिंग कमेटी अनुमति देगी। पुलिस चुनाव में गड़बड़ी करने वाले या दबंग किस्म के लोग जो चुनाव में अशांति फैला सकते है उनके खिलाफ थाने में शिकायत हुई है और वो शस्त्र धारक है सब से पहले पुलिस उनके शस्त्र जमा कराए पर जोर दे रही है। जो व्यापारी है, जिनको जान का खतरा है या फिर कही गन मैन है ऐसे लोग जिला अधिकारी के पास शस्त्र रखने का आवेदन कर सकते है। जिसको स्क्रीनिंग कमेटी की अनुमति के बाद ही शस्त्र रखने की अनुमति प्रदान की जाएगी। झूंसी व सरायइनायत क्षेत्र में पहली बार नगर निगम का चुनाव होगा। झूंसी में 703 व सरायइनायत में 854 शस्त्र धारक है। एसीपी झूंसी आईपीएस चिराग जैन ने बताया कि नगरीय सीमा के आसपास 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी शस्त्र धारकों को शस्त्र जमा करने का निर्देश है। स्क्रीनिंग कमेटी में जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त है या वो जिसको अपना प्रतिनिधि नियुक्त करेंगे वो निर्णय लेने की किसके साथ रखने की अनुमति दी जाएगी।

### डीएम की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन


**प्रयागराज।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की उपस्थिति में सोमवार को संगम सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को संपन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगणों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदंबा सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# माफिया अतीक अहमद के खंडहर हो चुके दफ्तर में चाकू खून के धब्बे मिले

## कुछ दिन पहले दफ्तर में पुलिस ने छापा मारकर 74 लाख 72 हजार रुपए और 10 पिस्टलें बरामद की थीं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के खंडहर नुमा दफ्तर में आधी रात को क्या हुआ था सुबह मिला खून के निशान चकिया में माफिया अतीक अहमद के खंडहर हो चुके दफ्तर में सोमवार को जगह-जगह खून फैला मिला सीढ़ियों पर खून के ताजे धब्बे हैं फर्ट फ्लोर पर एक महिला की साड़ी और कुछ अंडर गारमेंट्स मिले हैं पुलिस को आशंका है कि किसी महिला की यहां हत्या करने के बाद उसकी लाश बाहर ले जाकर फेंकी गई है अतीक का यह वही दफ्तर है जहां पुलिस ने छापा मारकर 74 लाख 72 हजार रुपए और 10 पिस्टलें बरामद की थीं। प्रयागराज प्राधिकरण ऑथोरिट पीडीए ने 21 सितंबर 2020 को अतीक अहमद के चकिया कबला स्थित आलीशान दप्तर को गिरा दिया था। तब से खाली पड़ा था पहले फोटोज में देखिए दफ्तर के अंदर क्या-क्या मिला दफ्तर की पहली मंजिल पर भी खून के धब्बे मिले दफ्तर पर दो बार चल चुका बुलडोजर अतीक अहमद के इस दफ्तर का अगला हिस्सा दो बार गिराया जा चुका है। एक बार बसपा सरकार में 2006 में और दूसरी बार भाजपा सरकार में 2020 में पीडीए ने 21 सितंबर 2020 को दफ्तर को गिरा दिया था हालांकि, पीछे का हिस्सा छोड़ दिया गया









था। इसी पिछले हिस्से में उमेश पाल की हत्या के बाद कैश और हथियार बरामद हुआ था करीब छह घंटे की कारवाई के बाद अवैध रूप से निर्मित भाग को पूरी तरह से जमींदोज करा दिया गया था पीडीए का कहना था कि अवैध रूप से किए गए निर्माण को हटाने के संबंध में अतीक अहमद को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उसने इसे नजर अंदाज कर दिया था, जिसके तहत यह कारवाईकी गई थी।

# हमीरपुर की युवती से प्रयागराज के होटल में रेप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जॉर्ज टाउन थाना क्षेत्र के एक होटल में हमीरपुर की एक युवती से रेप करने, अश्लील वीडियो वायरल, मारपीट करने और ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। युवती ने आरोप लगाया कि बियर पिलाकर नशे की हालत में उससे रेप किया गया। युवती ने बस्ती जिले में तैनात ऑडिट अफसर गणेश प्रताप सिंह पर ये आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । रेप का ये मामला जॉर्ज टाउन थाने में दर्ज हुआ है। पीड़िता हमीरपुर जनपद की रहने वाली है। उसने बताया कि, सोशल मीडिया के जरिए उसकी बातचीत बस्ती जिले में तैनात ऑडिट ऑफिसर गणेश प्रताप सिंह से कई महीने से हो रही थी। बीती 15 अप्रैल को गणेश ने फोन करके उसका हालचाल पूछा। साथ ही कोई समस्या होने पर मदद का आश्वासन दिया। इस पर युवती ने अपने साथ पहले हुई एक घटना का जिक्र करते हुए मदद की गुजारिश भी की। गणेश ने युवती को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

**22 अप्रैल को कार्यक्रम में जाने से पहले होटल गए**

युवती ने बताया कि फोन कटने के कुछ देर बाद गणेश ने दोबारा फोन किया और प्रयागराज में 22 अप्रैल को होने वाले एक कार्यक्रम में आमंत्रित किया। 21 अप्रैल को युवती अपने निजी काम से हमीरपुर से प्रयागराज आई थी। अधिकारी गणेश प्रताप ने उससे संपर्क किया। लड़की ने जब ये कहा कि वह प्रयागराज आई है तो गणेश प्रताप उसे रिसीव करने पहुंचे।

### बस्ती के ऑडिट ऑफिसर पर आरोप, पीड़िता बोली- अश्लील वीडियो बनाकर जान से मारने की दी धमकी

**एक होटल में ले जाकर युवती से किया रेप**

आरोप है कि गणेश प्रताप उसे शहर के जॉर्ज टाउन स्थित एक होटल में लेकर गए। कहा कि यहां आराम करो। अगले दिन कार्यक्रम में चलेंगे। होटल के कमरे में युवती को पानी पीने को दिया। युवती का कहना है कि पानी पीते ही उसका सिर चकराने लगा और कुछ देर में ही बेहोश हो गई। जब होश आया तो वह बंद कमरे में पड़ी थी। पास में गणेश प्रताप भी थे।

**अश्लील वीडियो बनाकर जान से मारने की धमकी दी**

बताया कि गणेश प्रताप ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। मोबाइल पर दिखाकर धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो खैर नहीं है। साथ ही श्रद्धा हत्याकांड जैसा हश्र कर देने की धमकी भी दी। इसके बाद उसे जबरिया बियर पिलाकर उसके साथ रेप किया और उसका मोबाइल छीनकर भाग निकला।

**पीड़िता को पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा है**

पीड़िता रविवार की शाम को जॉर्ज टाउन थाने गई। थाने में उसने आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। इंस्पेक्टर जॉर्ज टाउन धीरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर रजिस्टर्ड हो गई है। लड़की का मेडिकल कराया जा रहा है। आरोपी पीसीएस अधिकारी है। बस्ती में पोस्टेड है। कब और कैसे दोनों संपर्क में आए, ये विवेचना का पार्ट है। जांच की जा रही है।

### तूफान के साथ बारिश से हुआ किसानों भारी नुकसान

**झूंसी।** हनुमानगंज क्षेत्र में सोमवार की शाम घंटे भर तूफान के साथ हुई बारिश से मौसम तो खुशनुमा हो गया पर कई पेड़, बिजली के पोल उखड़ गए। कुछ किसानों का अनाज और भूसा खेतो में भीग गया। आम के साथ तरबूज, परवल की खेती को अधिक नुकसान पहुचा है। सोमवार को कछारी क्षेत्र में पूरे दिन बादल रहे शाम को अचानक तेज आंधी के साथ शुरू हुई मुशलधार बारिस में कई पेड़ उखड़ कर सड़क पर गिर गए। बिजली के पोल उखड़ गए इसके साथ किसानों को भारी नुकशान हुआ। कई किसानों की मड़ाई बाकी थी तो कुछ की मड़ाई हो गई थी पर भूसा और अनाज खेत मे ही रह गया था।

बारिश में सब भीग गया। कोटवा के अनिल सिंह ने बताया कि गल्ला तो आ गया था पर भूषा अभी खेत मे ही था। वही तेज बारिश के साथ तूफान से सब से अधिक तरबूज की खेती को नुकसान पहुचा है। किसान राहुल भारतीय ने बताया कि अभी तरबूज तैयार हुआ था तोड़ कर मंडी ले जाना था तूफान में तरबूज के पेड़ उखड़ गए है लागत भी निकलना भारी पड़ जायेगा।

### तालाब पर अवैध रूप से बने भवनों को तत्काल हटा लें वरना चलेगा बुलडोजर : राजस्व टीम

**मऊआइमा।** तालाबों पर अवैध रूप से कब्जा करके भवन निर्माण करने वाले पन्द्रह दिन में आतिक्रमण हटा लें। वरना बुलडोजर से गिराने का खर्च के साथ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। राजस्व टीम ने जांच कर दी चेतावनी दी है। मऊआइमा क्षेत्र के लेखपाल राजकुमार सागर सहित तहसील कर्मियों के साथ कस्बा के विभिन्न तालाबों पर हुए अवैध कब्जे को देखा । तथा निरीक्षण के दौरान उन्होंने कस्बे के बैहराना चौराहा के समीप स्थित तालाब पर कतिपय लोगों द्वारा दबंगई एवं भू अभिलेखों में हेरफेर कर कब्जा करने की शिकायत की जांच करने पहुंचे। राजस्व कर्मियों ने बताया कि सरकारी अभिलेखों में उक्त आराजी तालाब के रूप में दर्ज थी,जिसे कतिपय भू माफियाओं द्वारा फर्जी तरीके से कब्ज कर बिक्री भी किया जा रहा है।स्थलीय मुआयना के बाद उन्होंने आतिक्रमण कारियों को पन्द्रह दिन में तालाब की भूमि पर बने भवनों को खाली कर दें । अन्यथा राजवस्व प्रशासन द्वारा बुलडोजर चला कर तालाब को कब्जा मुक्त कराया जसएगा।साथ साथ बुलडोजर का गिराने का खर्च के मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। जिससे जालसाजी कर बेचने वालों में हडकंप मच गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर कलां
विकास खण्ड मेजा, प्रयागराज

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत शाहपुर कलां, विकास खण्ड भेजा जनपद प्रयागराज में 14 / 15वीं वित्त एवं चतुर्थ राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नाली निर्माण, नाली मरम्मत एवं पाइप, खड़जा निर्माण खड़ना` मरम्मत कार्य, हैंडपम्प मरम्मत और रिबोर कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र, शौचालय` निर्माण एवं मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन सफाई किट व सामुदायिक शौचालय एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एस0एल0 डब्ल्यू0 एम0 के तहत होने वाले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ईंट, सीमेन्ट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एस०एल० डब्ल्यू० एम० सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन` कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त कार्य कोरोना वायरस संबंधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, माक्स, सेनीटाइजर स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन, अत्योष्टि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूड़ा गाड़ी/ई-` रिक्शा सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 26.04.2023 से 29.04.2023 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 05.05.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष । 2023/2024 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

अजीत कुमार निषाद
ग्राम प्रधान
ग्रा0 पं0 शाहपुर कलां
वि०ख० मेजा, प्रयागराज

नीरज कुमार यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत शाहपुर कलां
वि०ख० मेजा, प्रयागराज

### दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित सास-ससुर को जेल

**विवाहिता ने फांसी लगाकर दी थी जान, मायके वालों ने दर्ज कराया था प्रताड़ित कर दहेज हत्या का मुकदमा**

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के थाना मेजा पुलिस ने दहेज हत्याके मुकदमे मे वांछित सास-ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेजदिया।सोमवार दोपहर कोतवाल मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व मे पुलिस चौकी सिरसा प्रभारी जगदीश कुमार ने पुलिस टीम के साथ डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त दारा प्रसाद पुत्र स्व. शिवमूरत व सरोज देवी पत्नी दारा प्रसाद निवासी उपरौडा थाना मेजा मूल निवासी ग्राम सोनमई थाना करछना को सोमवार दोपहर थाना मेजा क्षेत्रान्तर्गत के ग्राम उपरौड़ा से गिरफ्तार किया। कोतवाल ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि उक्त दोनों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व क्षेत्र के उपरौडा गांव निवासी प्रदीप निषाद की पत्नी गुंजा निषाद (20) ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। जानकारी पर पंहुचे मायके वालों ने प्रताड़ित कर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं सोमवार को मेजा पुलिस ने दोनों को पकड़कर जेल भेज दिया।

# रुद्रा संगम एलाटीज वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

## संतोष अध्यक्ष व संजय महासचिव पद के लिए हुए निर्वाचित



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रुद्रा संगम में बहुप्रतीक्षित सोसायटी का चुनाव रविवार को संपन्न हो गया। जिसमें अध्यक्ष उपाध्यक्ष व महासचिव पद के साथ ही अन्य पदों के लिए मतदान हुआ। चुनाव का परिणाम भी देर रात घोषित कर दिया गया आ गया। रुद्रा संगम सोसायटी के यह दूसरा चुनाव था जिसमे दो पेनल चुनाव मैदान में थे। विजयी पैनल से अध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार सिंह ने 150 मत प्राप्त कर अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी डी एन शुक्ला को 42 मतों से हराया। वहीं सचिव पद के लिए संजय कुमार पांडेय विजयी घोषित किए। संजय कुमार पांडेय को 155 मत प्राप्त हुए तो निकटतम प्रतिद्वंद्वी विनय तिवारी को 102 मतों से ही संतोष करना पड़ा। संजय दुबे 134 मत पाकर उपाध्यक्ष पद हासिल किए। 147 मत पाकर डा धीरज सिंह नई कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। उप सचिव के लिए राजेश प्रजापति 132 मत पाकर विजई घोषित किए गए। बता दें कि रुद्रा संगम में पांच टावर है और पांचों टावर की देखरेख के लिए एक प्रतिनिधि चुना जाता है। जिसके लिए टावर एक से आभा डे सबसे ज्यादा 155 मत पाकर विजयी रही। टावर दो से राकेश कुमार वर्मा को 139 मत, टावर तीन से एपी यादव को 136 मत, टावर चार से सुधांशु त्रिपाठी को 140 मत मिले। टावर पांच से सीएस सिंह 138 मत पाकर विजयी घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी ने बताया कि रुद्रा संगम में कुल 360 वोटर है जिसमे 266 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नई कार्यकारिणी जीत के बाद परिसर स्थित मंदिर में गई जहां सहवासियों ने फूल माला से अपने प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

# 24 घंटे बाद मिला अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के सीनियर मैनेजर का शव

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी, शंकरगढ़ में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत देवानंद पाल की गंगा में डूबने से मौत हो गई। देवानंद पाल अपनी पत्नी दिपानविता पाल के साथ अक्षय तृतीया के मौके पर स्नान करने अरैल घाट गए थे। देवानंद पाल के डूबने की सूचना पर एसडीआरएफ, जल पुलिस, पीएसी व नैनी पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया और सोमवार को दूसरे पहर देवानंद पाल का शव घटनास्थल से छह किमी दूर बरामद किया। देवानंद पाल का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी, शंकरगढ़ में सीनियर मैनेजर (सिविल) के पोस्ट पर कार्यरत रहे देवानंद पाल (57) मूल रूप से मथुरा जनपद के थे और वह अपनी परिवार के साथ नैनी, महेवा घाट के नजदीक स्थित पारसकुंज अपार्टमेंट में रहते थे। रविवार को



**गंगा में डूबकर हुई मौत, छह किमी दूर पाया गया शव, अक्षय तृतीया के मौके पर पत्नी के साथ स्नान को गए थे देवानंद पाल**

अक्षय तृतीया के मौके पर वह पत्नी के साथ गंगा स्नान के लिए गए थे। इसी दौरान देवानंद पाल गहरे पानी में चले गए और जब तक उन्हे संभाला जाता, वह डूब चुके थे। पत्नी दिपानविता पाल के शोर पर आसपास के लोगों ने प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के कारण देवानंद पाल का कोई पता नहीं चला। इसके बाद आनन-फानन में जल पुलिस और नैनी पुलिस ने सर्च आपरेशन शुरू किया। सफलता नहीं मिलने पर एसडीआरएफ और पीएसी की भी मदद ली गई। रविवार को अंधेरा होने पर सर्च आपरेशन रोक दिया गया। इधर, सोमवार को सुबह से एसडीआरएफ, जल पुलिस, पीएसी के साथ नैनी पुलिस ने फिर से सर्च आपरेशन चलाया। दोपहर बाद, अरैल घाट से छह किलोमीटर दूर देवानंद पाल का शव बरामद किया जा सका। शव को चीरघर भेज दिया गया है। इस हादसे की सूचना मिलने पर अल्ट्राटेक कंपनी के यूनिट हेड अमिताभ अग्रवाल, संजय सिंह समेत तमाम सहकर्मी मौके पर पहुंचे और शोक व्यक्त किया।पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पीएम के बाद विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## हंडिया में ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**डेमो ट्रेन की चपेट में आई अमरावती, रेलवे ट्रैक पर मिला क्षत-विक्षत शव**



**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के दिसौती रेलवे ट्रैक पर डेमो ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। लोगों ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दिया ' सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।दिसौती थाना हंडिया निवासी राजेंद्र प्रसाद भारती जो गुजरात में रहकर एक कंपनी में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। राजेंद्र प्रसाद की पत्नी अमरावती देवी उम्र 38 वर्ष जो पूजा पाठ करने के लिए सोमवार सुबह 7 बजे के करीब घर से कुछ दूर स्थित चौरा देवी स्थल पर जा रही थी।वहीं दिसौति रेलवे ट्रैक पर पहुंच ट्रैक को पार कर रही थी। इसी दरमियांन वाराणसी की तरफ जा रही डेमो ट्रेन की चपेट में आ गई और ट्रेन की टक्कर से कई टुकड़ों में छत विछत शव हो गया। स्थानीय लोगों ने शोर मचाया तो मौके पर ग्रामीण की भारी-भरकम भीड़ इकट्ठा हो गई और लोगों ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दिया 'सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतिका अमरावती देवी के दो बेटे और एक बेटी है। मां की मौत से बेटा बेटी व पति समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

कार्यालय ग्राम पंचायत देवरिया जसरा, प्रयागराज।

अपातकालीन निविदा

पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य को कराने हेतु ग्राम पंचायत देवरिया में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदायें सील बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 21.03.2023 से 27.03.2023 कार्यालय पर निविदा दाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | कार्य की अनु0 लागत (लाख रू0 में) | निविदा मूल्य | धरोहर राशि | निर्माण कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक भवन में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना | 7.5 | 500 | 14000 | 14 दिन |

सामान्य शर्तें-
1- कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से ली जा सकती है।
2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समग्र रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जी0एस0टी0 नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा।
3. निविदा धरोहर राशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जमा करना होगा।
4. निविदा फर्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक 27.03.2023 तक सायं 04.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।
5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. सभी कार्यों के लिये अलग-अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार की जायेगी।
7. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।

नोट: निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय देवरिया से प्राप्त की जा सकती है, एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

(राजीव गोस्वामी)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवरिया
जसरा, प्रयागराज

(दीप्ति मिश्रा)
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत देवरिया
जसरा, प्रयागराज

पत्रांक-मेमो/निविदा/2022-23 दिनांक-20.03.2023

# नगर पालिका के चुनाव में दिखाई पड़ रहा भाजपा का पलड़ा भारीः सांसद

## विकास के मुद्दे पर जनता का मिल रहा समर्थनः हरिप्रताप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के मीरा पैलेस में आज भाजपा के कार्यकर्ताओ की बैठक में बोलते हुए पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह उर्फ मोती सिंह व सांसद संगम लाल गुप्ता ने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा एक अनुषासित पार्टी है। जिसका विकास ही एजेण्डा है और कानून व्यवस्था के आधार पर नगर निकाय का चुनाव लड़ा जा रहा है। जिसमें आम जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होने कहा कि जितना विकास पिछले सरकारो ने नही किया व विकास भाजपा शासन में हुआ। शहर में बाईपास, मेडिकल कालेज साफ सुथरा शहर



पूर्व मंत्री मोती सिंह व सांसद संगम लाल गुप्ता का स्वागत करते भाजपाई।

रेलवे का विस्तार आदि बड़े कार्य हुए है। नगर पालिका का चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़ा जा रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था का प्रबन्ध अच्छा है। विस्तारित क्षेत्रो में अभी कार्य होना बाकी है। समारोह में सदर विधायक राजेन्द्र प्रसाद मौर्या ने कहा कि शहर और टाउन एरिया में भाजपा की स्थिति मजबूत है। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी हरिप्रताप सिंह ने कहा कि उन्हे प्रतापगढ़ की जनता हमेषा की तरह इस बार भी अपना प्यार व समर्थन देगी। विकास ही उनका एजेन्डा है। जिसका लाभ हर जाति धर्म के लोगो को मिलता है।

इस मौके भाजपा के जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि हमेषा की तरह इस बार भी भाजपा अपना परचम लहरायेगी। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाष त्रिपाठी व कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मेलन में प्रमुख रूप से राघवेन्द्र शुक्ला, अनुराग मिश्रा, आषीश श्रीवास्तव, राजेश सिंह, आलोक गर्ग, रजत सक्सेना, रूचि केसरवानी, कृष्णकांत मिश्रा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चार के खिलाफ हत्या के प्रयास का रिपोर्ट

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास व मारपीट तथा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के मेढ़ावां निवासी उदयपाल सिंह के पुत्र राजेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेईस अप्रैल को रात्रि साढे आठ बजे रंजिशन डगरारा गांव के कमल सिंह तथा ककरहिया के सलमान ने दो अज्ञात लोगों के साथ उसके घर पर जानलेवा हमला बोल दिया। आरोपियो ने तमंचे के बट से पीडित पर हमला कर उसे चुटहिल कर दिया। पीडित को बेहोश देखकर परिवार व आसपास के लोग बचाव मे दौडे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते बाइक से भाग निकले।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर तीन दिवसीय राजगीर प्रशिक्षण शुरू

### ब्लाक कालाकांकर के 37 ग्राम पंचायतो मे 56 राजगीर मिस्त्रियों ने भाग लिया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां प्रतापगढ़।** ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के 37 ग्राम पंचायतो मे सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मौजूद राज मिस्त्रियों को आन साइट तकनीकी प्रशिक्षण के बारे मे विस्तार पुर्वक जानकारी दी गई प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत परियावां के मिनी सचिवालय मे किया गया जिसमे क्ड्ड प्रवीण कुमार शुक्ला,संतोष कुमार शुक्ला, ग्राम विकास अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य, बीसी रंजीत कुमार मौर्य ,ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौर्य,, पंचायत सहायक साधना सूचित कुमार, लवलेश कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।



प्रशिक्षण में मौजूद राजगीर मिस्त्री।

## निर्वाचित सरकारों के कामकाज पर नजर रखने का अफसर शाही को निर्देश संविधान के विरूद्ध : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री के द्वारा अधिकारियो की हालिया बैठक मे उन्हें निर्वाचित सरकारो के कामकाज पर नजर रखने के बयान को गैरलोकतांत्रिक व तानाशाही करार दिया है। उन्होनें कहा है कि लोकतंत्र मे सबसे बडे निर्वाचित पद प्रधानमंत्री पर आसीन होकर पीएम का अधिकारियों से यह कहना कि वह निर्वाचित सरकारों के कामकाज पर नजर रखे और ऐसा कार्य न करें जिसे करना निर्वाचित सरकारों के प्रति अधिकारियों का संवैधानिक कर्तव्य है। सोमवार को रामपुरखास पहुंचे प्रमोद तिवारी ने लालगंज कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पीएम ने अधिकारियों को पुरस्कृत एवं संबोधित करते हुए इस तरह का संघीय ढांचे के विरूद्ध बयान देकर संविधान की मंशा पर गहरा कुठाराघात किया है। वार्ता के दौरान प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय भी मौजूद रहे।

## महिला की पिटाई, आरोपी के खिलाफ तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दरवाजे पर मौजूद महिला को आरोपी ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के कलुआघाट नौगीर निवासी नसीम अहमद की पत्नी शहनाज बेगम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि रविवार को दोपहर वह दरवाजे पर बच्चों के साथ बैठी थी। इतने मे आरोपी उसका देवर इसरार उसे गालियां देने लगा। मना करने पर आरोपी ने पीडिता को मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीडिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मीरा भवन क्षेत्र में पकड़े गए 19 छुट्टा पशु

**प्रतापगढ़।** छुट्टा पशुओ को शहर में पकड़ने का नगर पालिका का अभियान जारी है। जिलाधिकारी नितिन बंसल के आदेश पर नगर पालिका लगातार अभियान चला रही है। सोमवार को मीरा भवन क्षेत्र में 19 छुट्टा पशु पकड़े गए। जिन्हे पकड़कर मीराभवन के पार्क में ले जाया गया। जहां से पशुओ के वाहन पर उन्हे लादकर इन्हे इटवा गौषाला भेजा गया। इस बारे में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने सोमवार को सुबह से ही मीरा भवन क्षेत्र में छुट्टा पशुओ को पकड़ने के लिए टीम भेज दी थी। अधिषासी अधिकारी स्वयं और उनके साथ नगर पालिका की टीम मीरा भवन पहुंची थी। अपरान्ह 4 बजे तक 19 छुट्टा पशु पकड़े गए। इस बारे मे नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि छुट्टा पशुओ को पकड़ने का क्रम जारी रहेगा। यह पूंछने पर कि छुट्टा पशुओ को बराछा स्थित गौशाला में क्यो नहीं भेजा जा रहा है।

# इग्नू के सभी कोर्स डिजिटल माध्यम से होते है संचालितः सहायक निर्देशक

### इग्नू परिचय समारोह मे 2737 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र 2737 पर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए एक परिचय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने किया। उन्होंने छात्रों को इग्नू के कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

समारोह के मुख्य अतिथि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के सहायक निदेशक डॉ श्रवण कुमार पांडेय रहे जिन्होंने बताया कि इग्नू एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है जिसमें प्रवेश के उम्र की कोई बाध्यता नही है। उन्होंने बताया कि इग्नू मुख्यालय द्वारा कुल 262 कोर्स संचालित किए जाते हैं और हर जिले में छात्रों के माँग पर नए कोर्स सक्रिय किए जाते हैं। इग्नू न सिर्फ



इग्नू के परिचय समारोह में शिक्षको से वार्ता करते महाविद्यालय के प्राचार्य।

भारत बल्कि भारत के बाहर भी छात्रों को दूरस्थ माध्यम से शिक्षा प्रदान करता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने छात्रों को बताया कि इग्नू की किताबें उच्च दर्जे की हैं और प्रशाशनिक एवं अन्य सेवाओं के लिए ये किताबें बहुत उपयोगी हैं। कोई भी व्यक्ति जो सरकारी अथवा गैर सरकारी नौकरी में हो, वो भी अपनी आगे की शिक्षा इग्नू द्वारा पूर्ण कर सकता है। इग्नू के सभी कोर्स एवं डिग्री यूजीसी द्वारा मान्य हैं। इग्नू में सभी कोर्स दूरस्थ एवं डिजिटल माध्यम से संचालित किए जाते हैं। विशिष्ट अतिथि डीटीओ प्रतापगढ़ डॉ डी एन द्विवेदी ने अपनी कविताओं के माध्यम से छात्र- छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और कहा कि शिक्षा सदैव गुणात्मक मूल्यों का विकास करती है।

ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान अफीम कोठी के प्राचार्य शिव प्रकाश ने शिक्षा एवं प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा के प्रति उन्मुख हों। समारोह के अंत में छात्रों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नो का विस्तार से निवारण किया गया। कार्यक्रम में जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय, प्रो गीता शुक्ला, डॉ सीमा त्रिपाठी, डा शेख अकील, कोमल मिश्र, विजय पांडेय, विनोद कनौजिया, रोहन सिंह एवं आयुब खान उपस्थित रहे।

## ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी प्रतापगढ़।** बेटियों को परीक्षा केंद्र छोड़ने जा रहे युवक की बाइक अचानक एक मवेशी को बचाने के चक्कर में ट्रक के नीचे आ गई जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक छोड़कर वहां से फरार हो गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही दोनों जख्मी बेटियों को अस्पताल भेज दिया ।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव का रहने वाला अशोक वर्मा 45 मंगलवार को सुबह 8 बजे अपने दो बेटियों को परीक्षा दिलाने के लिए पट्टी परीक्षा केंद्र पर जा रहा था जैसे ही वह ढकवा मोड़ सेंट जेवियर स्कूल के समीप पहुंचा एक मवेशी को बचाने के चक्कर में सामने से आ रही एक ट्रक के चक्के के नीचे आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर वहां से फरार हो गया मौके पर जुटे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस तथा उसके परिजनों को दिया। थोड़ी देर बाद दोनों बेटियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा गया तथा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी शोक व्यक्त करते।

## व्यापारियो ने लीलावती सेनानी के निधन पर जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी के अध्यक्षता में एक शोक सभा संपन्न किया गया जिसमें समाज के व अन्य वर्ग के लोगों के परिजनों की मृत्यु हो जाने पर व्यापार मंडल के उपस्थित सभी पदाधिकारियों व व्यापारियों ने जनपद प्रतापगढ़ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय चंद्रदत्त सेनानी की पत्नी, शिवप्रकाश सेनानी की पूजनीय माता जी श्री लीलावती सेनानी के आकस्मिक निधन हो जाने पर,व,डेरवा बाजार व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष प्रांतीय सदस्य श्री भोलानाथ पारसनाथ अग्रहरी की पूजनीय माता श्री गंगा देवी जी के निधन हो जाने पर वा,स उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष कर्मठ सहयोगी व व्यापार मंडल के संस्थापक सदस्य आर के विद्यार्थी जी के लम्बी बीमारी के बाद निधन हो जाने पर,अपने नगर व्यापार मंडल के पूर्व कोषाध्यक्ष स्वर्गीय बद्री जायसवाल की भाभी नाटू जायसवाल की धर्मपत्नी निर्मला देवी की लंबी बीमारी के बाद निधन हो जाने पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने स्थान पर खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण कर सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की शोकसभा की बैठक में मुख्य रूप से सुरेश चंद केसरवानी ,सरदार कुलविंदर सिंह, नारायण खंडेलवाल, सुनील जयसवाल ,पंकज केसरवानी (पंकज मोबाइल),अख्तर राइन,संजीव जयसवाल, राहुल गुप्ता एडवोकेट ,सरदार वशिन्दर सिंह,अमित केसरवानी, अली हुसैन, प्रदीप यादव ,शाहिद सिद्दीकी, आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** निरंकारी जगत में मानव एकता दिवस के रूप में आज मनाया जाता है। यह दिन निरंकारी मिशन के तीसरे सतगुरु बाबा गुरु वचन सिंह जी के शहीदी दिवस के रूप में समर्पित है। उनकी शिक्षाएं और मूल्य कुछ ऐसे हैं जिनसे हर किसी को सीख मिलती है। आज ही के दिन सन 1980 में उन्होंने संपूर्ण मानवता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी साथ ही उन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह जी जो सेवादल के मुख्य शिक्षक थे उनका भी बलिदान हो गया। बाबा गुरु पसंद की स्टेशन पर थे जिन्होंने आध्यात्मिक जागृति के माध्यम से संपूर्ण विश्व को भाईचारे का उपदेश दिया। मिशन की लोकप्रियता में तेजी से वृद्धि और विपक्ष के ना पसंदगी के कारण 24 अप्रैल 1980 को उनकी हत्या कर दी गई। 27 अप्रैल 1980 को मिशन के चैथे सद्गुरु के रूप में बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने मिशन की बागडोर संभाली। उस समय निरंकारी जगत में रोष था कि हम खून का बदला खून से लेंगे किंतु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने अपने संतो और भक्तों को समझाया हम खून का बदला खून से तो लेंगे किंतु दूसरे रूप में-

**रक्त को नालियों में नहीं नाड़ियों में बहाएं**

इसी नारे के साथ सन 1986 में स्वयं निरंकारी सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने अपना रक्त देकर रक्तदान शिविरों का उद्घाटन किया तब से प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के रूप में रक्तदान शिविरों का आयोजन संपूर्ण विश्व में किया जाता है।

इसी क्रम में आज संत निरंकारी सत्संग भवन कुंडा में निरंकारी मिशन के संतो भक्तों व सेवादल के भाई बहनों द्वारा कुल 80 यूनिट रक्तदान किया गया जिसमें सात पुरुष 20 महिलाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 120 रजिस्ट्रेशन किए गए ब्लड बैंक की क्षमता ना होने के कारण सिर्फ 80 मिनट ही रक्तदान कराया गया। राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय प्रतापगढ़ की ब्लड बैंक की टीम द्वारा ब्लड एकत्रित किया गया। ब्लड बैंक की टीम में मुख्य रूप से डॉ कुसुम लता गुप्ता काउंसलर, डॉ सचिन मौर्य, डॉ अनुभव, महेंद्र कुमार वार्ड बॉय, नंदन भट्ट एल टी, श्रद्धा शुक्ला एल टी, मुहूर्त लाल यादव एलटी, गौरव मणि त्रिपाठी एलटी, रंजीत शर्मा एलटी, अजय यादव एल टी आदि उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा के प्रभारी अधीक्षक डॉ राजीव त्रिपाठी जी व उनके साथ आशीष दुबे ने किया।

मानव एकता दिवस के उपलक्ष में सत्संग भवन पर सत्संग का भी आयोजन प्रयागराज की धरती से चलकर सेवादल क्षेत्रीय संचालक श्री सुखदेव सिंह जी के हुजूरी में संपन्न हुआ। संगत का संचालन महात्मा सुरेश चंद्र जी ने किया। मुख्य रूप से प्रतापगढ़ से चलकर आए सेवादल संचालक राम प्यारे जी, शालिकराम मौर्य एडवोकेट सूचना एवं सहायक जनसंपर्क अधिकारी संत निरंकारी मंडल, मुखी उमेश साहू जी, दिलीप कुमार जी संचालक, विनोद कुमार शिक्षक, सुरेश चंद्र जी, शारदा प्रसाद जी, कमलेंद्र कुमार राही जी, रोशन लाल जी, प्रदीप जी, डी के जी, बहन प्रियंका जी, बहन गुड्डी जी, बहन रीता रानी जी, सेवादल मनोज गौड़ जी, राजकुमार जी, पारसनाथ जी, परमानंद जी, प्रेमचंद्र जी, फूल चंद्र जी, सौरभ जी, शशांक जी, रामु पटेल जी इत्यादि लोग उपस्थित रहे। एलटी नंदन भट्ट जी ने सभी रक्त दाताओं को रक्तदान के फायदे बताएं व उनका प्रोत्साहन किया। रक्तदान शिविर में आए हुए सभी संत महात्माओं का ब्लड बैंक की टीम का आभार मुखी उमेश चंद्र साहू जी ने किया।

## स्टेट चैम्पियनशिप में मेडल जीतकर जनपद का गौरव बढाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वाराणसी में यूनियन शोकोटन कराटे एसोसिएशन द्वारा संपन्न स्टेट चैम्पियनशिप गेम में भारत मार्शल आर्ट एसोसिएशन, प्रतापगढ़ के प्रतिभागियों ने मेडल जीतकर जनपद का गौरव बढाया द्य दिनांक 23 अप्रैल को अमित प्लाई सरसौली, वाराणसी में संपन्न स्टेट चैम्पियनशिप प्रतिस्पर्धा में भारत मार्शल आर्ट एसोसिएशन, प्रतापगढ़ के पांच खिलाडियों ने प्रतिभाग किया तथा सभी ने मेडल जीतकर जनपद प्रतापगढ़ का मान बढाया।

उक्त प्रति स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों में अक्षय प्रजापति ने अपने वर्ग में गोल्ड मेडल, प्रिंस सिंह ने अपने वर्ग में सिल्वर मेडल, अयान हुसैन ने अपने वर्ग में ब्राउंस मेडल, श्रेयांश श्रीवास्तव ने अपने वर्ग में सिल्वर मेडल एवं मर्जिया मुजफ्फर ने अपने वर्ग में सिल्वर मेडल हासिल कर प्रतापगढ़ जनपद को गौरवान्वित किया द्य उक्त प्रति स्पर्धा में भाग लेने वाले तीन खिलाडियों ने पहली बार स्टेट चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया था जिसमें श्रेयांश श्रीवास्तव, प्रिंस सिंह एवं अयान हुसैन शामिल हैं तथा तीनों खिलाडियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

भारत मार्शल आर्ट एसोसिएशन, प्रतापगढ़ के संरक्षक मंडल के सदस्य डॉ० दयाराम मौर्य ह्यरत्नह्न, आनन्द मोहन ओझा, रोशनलाल उमरवैश्य एवं राजीव कुमार आर्य ने सभी खिलाडियों के बेहतरीन प्रदर्शन की प्रशंसा और सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज पर नाम रौशन करने के लिए लगन और परिश्रम से प्रयत्न करने का सुझाव दिया तथा सभी खिलाडियों का बेहतरीन मार्गदर्शन और सहयोग करने के लिए डॉ० मसूद मुजफ्फर की भी सराहना किया।




विजेता बालक व बालिकाएं ।

## रोडवेज बस व डामर टैंकर की आमने सामने भिड़न्त मे 10 यात्री घायल, 2 रिफर

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ राष्ट्रीय नेशनल हाइवे पर सोमवार की दोपहर प्रयागराज से लखनऊ की तरफ जा रही रोडवेज बस व ऊंचाहार की तरफ से कुंडा की ओर जा रही टैंकर की हिनाहुँ गांव के निकट खोवा मंडी के सामने बस व टैंकर की आमने सामने जोरदार भिड़न्त हो जाने से बस मे सवार 12 यात्री घायल हो गये।घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी व उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह,दीपक कुमार अपने हमराही के साथ घटना स्थल पर पहुचे और घायलों को इम्बुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर भेजा जहा मामूली रुप से घायल पुष्पा देबी पत्नी विजय कुमार(50)वर्षीय एकता नगर लखनऊ निवासी, सानिद पुत्र अफात

### नवाबगंज पुलिस ने बस मे सवार घायल को भेजा अस्पताल

खान(27)वर्षीय गाजीपुर, प्रियंका सिंह पत्नी संजय सिंह(32)रायबरेली, महेंद्र प्रताप पुत्र पदुमन सिंह(56)वर्षीय निवासी सीतापुर, मुकेश सिंह पुत्र सत्येंद्र सिंह(40)वर्षीय निवासी सीतापुर, तानवी पुत्री उदयभान सिंह(16) वर्षीय निवासी सीतापुर, संजीव शुक्ला पुत्र विद्याधर शुक्ला(40)वर्षीय निवासी झूसी प्रयागराज,आशरा पुत्र मो0 खालिद(22)वर्षीय निवासी बेलीगंज प्रयागराज ,राजेश त्रिपाठी पुत्र मोतीलाल त्रिपाठी(41)वर्षीय निवासी नैनी प्रयागराज को चिकित्सको ने उपचार करके छुट्टी दे दिया।

और गंभीर रूप से घायल राकेश पुत्र बैजनाथ (35) वर्षीय निवासी रायबरेली को रायबरेली जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया सुर्धी कुमार पुत्र काशी प्रसाद(45)वर्षीय निवासी कीटगंज प्रयागराज को प्रयागराज रिफर कर दिया जो अपने गतव्य के लिए रवाना हो गये।

## खबर संक्षेप

### नाजायज चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र चन्द्रपाल निवासी हकीमपुर थाना कड़ाधाम को एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज रिया है।

### गांजा के साथ अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मझनपुर पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त मो० गोरे पुत्र मो० सलामद निवासी समदा कालोनी, घना का पुरवा थाना मंझनपुर को समदा चौराहा के पास 780 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# बाइक सवार छह लोगों को ट्रेलर ने रौंदा

## तीन लोगों की मौके पर मौत तीन लोग गंभीर रूप से घायल, कड़ा शीतला धाम का दर्शन कर एक बाइक से परिवार के 6 लोग वापस लौट रहे थे घर

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार छह लोगों को तेज रफ्तार ट्रेलर ने रौंद दिया है हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई है और इस दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीर और ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी सिराथू कोखराज कोतवाल पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी जैसे ही मृतकों के परिजनों को लगी घर में कोहराम मच गया है रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर और चालक को कब्जे में ले लिया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी गांव निवासी शिव कुमार पटेल



उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शिव शंकर पटेल अपनी पत्नी अनीता देवी उम्र 32 वर्ष बेटी सुहानी 8 वर्ष शिवानी 7 वर्ष साली की लड़की और 6 माह के बेटा के साथ बाइक नंबर यूपी 73 वी 6226 से कड़ा धाम मां शीतला के दर्शन करने गए थे शीतला मां का दर्शन करने के बाद शिव कुमार पटेल एक बाइक में 6 लोगों के साथ सवार होकर वापस अपने गांव कोखराज के सिहोरी लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार कोखराज थाना क्षेत्र के काशिय गांव के नवजीवन हॉस्पिटल और पेट्रोल पंप के बीच पहुंचे कि प्रयागराज की तरफ से कानपुर की ओर जा रहे ट्रेलर ने बाइक सवारों को सामने से टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सभी छह लोग सड़क पर गिर पड़े इस हादसे में शिव कुमार पटेल उम्र 35 वर्ष उसकी पुत्री शिवानी 7 वर्ष और साली की लड़की नाम अज्ञात उम्र 12 वर्ष की मौके पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है हादसे में शिव कुमार की पत्नी अनीता 32 वर्ष बेटी सुहानी 8 वर्ष और 6 माह का बेटा गंभीर रूप से घायल हैं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों राहगीरों ने दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रेलर चालक को पकड़ लिया है और पुलिस को सौंप दिया है मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा कोखराज थाना प्रभारी और टेडीमोड चौकी प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे आनन-फानन में तीनो घायलों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और हादसे में मृतक 3 लोगों के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस ने चालक और ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया है घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लगी है और चारो तरफ कोहराम मचा हुआ है।

# प्रधान की गुलामी कर रहे हैं खंड विकास अधिकारी कौशाम्बी!



**2 वर्षों से गर्मी के महीने में बूंद-बूंद पानी को परेशान होते हैं ग्रामीण, करोड़ों रुपए की रकम हैंडपंप मरम्मत रिबोर के नाम पर कौशाम्बी ब्लॉक क्षेत्र में खर्च किए जाने के बाद भी पानी की समस्या बनी हुई है**

**कौशांबी।** ग्राम पंचायतों में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद चंद रुपयों की कमीशन खोरी के लालच में ब्लॉक के अधिकारी ग्राम प्रधानों की गुलामी करने लगे हैं जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ता है अधिकारियों के इस गुलामी के कारनामे के चलते योगी सरकार की छवि पर बदनुमा दाग लग रहा है उसके बाद भी अधिकारी अपनी आदत में सुधार करने को तैयार नहीं हो रहे हैं ताजा मामला कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के बराई बंधवा ग्राम पंचायत का है जहां 2 वर्षों पूर्व खराब हैंडपंप की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने डीएम कमिश्नर मुख्यमंत्री से लेकर दर्जनों बार मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र देकर हैंडपंप मरम्मत रिबोर कराए जाने की मांग की लेकिन गांव की राजनीति के चलते ग्राम प्रधान ने अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं किया जिससे 2 वर्ष के बीच बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी हैंडपंप की मरम्मत रिबोर नहीं हो सका है हैंडपंप मरम्मत रिबोर ना होने से ग्रामीण गर्मी के महीने में बीते 2 वर्षों से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। गर्मी के महीने में पानी की समस्या अधिक बढ़ जाती है जिससे ग्रामीणों को गांव के दूरदराज से हैंडपंपों से पानी लाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है जिले के तमाम ग्राम पंचायतों में हैंडपंप मरम्मत के मामले में बड़े खेल हो रहे हैं करोड़ों रुपए की रकम हैंडपंप मरम्मत रिबोर के नाम पर कौशाम्बी ब्लॉक क्षेत्र में खर्च किए जाने के बाद भी पानी की समस्या बनी हुई है जिनमें खंड विकास अधिकारी कौशाम्बी की संलिप्तता बताई जाती है बार बार शिकायतें हो रही हैं लेकिन उसके बाद भी हैंडपंप मरम्मत के नाम पर घोटाले को अधिकारी गंभीरता से लेकर दोषियों को दंडित नहीं कर रहे हैं लगातार अधिकारियों द्वारा खंड विकास अधिकारी कौशाम्बी को हैंडपंप मरम्मत कराए जाने का निर्देश दिया गया है इतना ही नहीं मुख्य विकास अधिकारी के स्टोनो ने टेलीफोन करके खंड विकास अधिकारी कौशांबी को हैंडपंप मरम्मत कराने के लिए सिफारिश की लेकिन सीडीओ के स्टोनो की सिफारिश पर भी खंड विकास अधिकारी सक्रिय नहीं हुए हैंडपंप खराब होने की सूचना बराई बन्धवा गांव के ग्रामीणों ने कई बार जिला पंचायत राज अधिकारी को भी दिया लेकिन जांच के नाम पर मामला शून्य रहा 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी हैंडपंप की मरम्मत नहीं हो सकी 2 वर्षों के बीच विभिन्न अधिकारियों को दिए गए दर्जनों शिकायती प्रार्थना पत्र रद्दी की टोकरी में चले गए हैं इससे योगी सरकार की कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है । जिले में पानी की विकराल समस्या है गर्मी के महीने में ग्रामीण पानी के लिए परेशान हो रहे हैं हैंडपंप 2 वर्षों से खराब है लेकिन मरम्मत नहीं हो सका शिकायतें होने के बाद भी मामले को रद्दी में डाल दिया जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारियों के आदेशों का कितना पालन होता है किस तरह से ब्लॉक के अधिकारी कमीशन खोरी की लालच में ग्राम प्रधानों की गुलामी कर रहे हैं हैंडपंप मरम्मत के मामले में इस बात का भी अंदाजा लगाया जा सकता है ग्रामीणों ने एक बार फिर डीएम सीडीओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए 2 वर्षों से खराब हैंडपंप की मरम्मत ना कराने वाले ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर कार्रवाई की मांग करते हुए खंड विकास अधिकारी कौशाम्बी की लापरवाही पर बीडीओ पर भी विभागीय कार्यवाही कर निलंबित किए जाने की मांग की है लेकिन क्या योगी सरकार में मनमानी करने वाले लापरवाह अधिकारियों के कारनामों पर कठोर कार्रवाई हो पाएगी योगी सरकार के निर्देशों का पालन भी जिले में अधिकारी कर पाएंगे या फिर आप जनता इसी तरह परेशान होती रहेगी और अधिकारी केवल बेहतर कानून व्यवस्था का झूठा हवाला देकर जनप्रतिनिधियों के सामने वाहवाही लूटते रहेंगे इस प्रकरण पर शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच हुई तो कई अधिकारी जांच की आंच में झुलस सकते हैं।

# सपा भाजपा की लड़ाई में निर्दल उम्मीदवार पड़ रहे हैं भारी

## नगर पंचायत चरवा के चुनाव में दबंगों के आतंक अत्याचार से मुक्ति चाहते है मतदाता




अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित हो गया है चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशियों का प्रचार प्रसार तेज हो गया है राजनैतिक दल के प्रत्याशियों के साथ-साथ निर्दल प्रत्याशियों ने भी चुनाव में ताकत झोंक दी है तमाम मुकदमे के आरोपी भी चुनाव मैदान में कूद पड़े हैं चुनाव प्रचार के दौरान निर्वाचन आयोग के रोक के बावजूद बैनर पोस्टर से नगर पंचायत और नगरपालिका क्षेत्र पटे दिखाई पड़ रहे हैं लोगों के साथ मारपीट करना धोखाधड़ी बेईमानी करना गरीबो की जमीन कब्जा करने वाले लोग भी चुनाव मैदान में उतर चुके हैं और वह झांसा देकर जनता के मत लेकर कुर्सी हथियाने के फिराक में है लेकिन यह जनता है सब जानती है धोखेबाज जमीन हथियाने वाले गुंडे मारपीट करने वाले अपराधी से इस बार मतदाता सावधान रहने की कोशिश कर रहे हैं। नगर निकाय चुनाव में जहाँ सत्ता दल किसी भी सूरत में यह मौका गवाना नही चाहती है वहीं विपक्ष भी चाहता है कि नगर पंचायत में उनका वर्चस्व कामयाब रहे..लेकिन नगर निकाय के चुनाव में टिकट बंटवारे के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष में भितरघात जमकर बढ़ गई है और अपनों को ही हराने के लिए लोगों ने कमर कस ली है इसके साथ-साथ पुरानी खुन्नस भी लोग प्रत्याशियों से निकालने के मूड में हैं नगर पंचायत चरवा में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी प्रत्याशी पर निर्दलीय उम्मीदवार जगनारायन नगर पंचायत चरवा से पहली बार चुनाव लड़ रहे है जो राष्ट्रीय और प्रादेशिक पार्टी के प्रत्यासियो पर भारी पड़ते दिखाई पड़ रहे हैं। चरवा नगर पंचायत चुनाव लड़ने के लिए जगनारायन ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया.जिसका चुनाव निशान लड़का लड़की है..ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि जिस तरह से सपा भाजपा के टिकट बंटवारे के समय जमीनी कार्यकर्ता को दोनों पार्टी ने नजर अंदाज किया उसका भीतरघात साफ देखा जा रहा है...ऐसे में जनता से जब बात चीत की गई तो लोगों के जुबान पर जगनारायन जिनका चुनाव निशान लड़का लड़की का नाम सुनने को मिलने लगा है..अब देखना है कि आगे जनता अपने नगर के मुखिया किसको चुनती है।

## आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए बैनर पोस्टर से पटे नगर क्षेत्र

### गंभीर मुकदमे के आरोपियों ने भी किया नामांकन नियम विरुद्ध तरीके से कर रहे हैं चुनाव प्रचार

**कौशाम्बी।** नगर निकाय के चुनाव में चुनाव चिन्ह आवंटन हो जाने के बाद चुनाव प्रचार तेज हो गए हैं चारों तरफ प्रत्याशियों के बैनर पोस्टर से नगर पंचायत और नगर पालिका क्षेत्र पटे हुए हैं कई कई वाहन लेकर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चुनाव प्रचार कर रहे हैं समर्थक भी वाहन लेकर सुबह से चुनाव प्रचार में निकल जाते हैं सभासद प्रत्याशी भी इस मामले में किसी से पीछे नहीं हैं सुबह से ही कई प्रत्याशियों के घरों में सैकड़ों लोगों की भीड़ लग रही है भीड़ के बीच नाश्ते के प्रबंध में प्रत्याशियों द्वारा बड़ी रकम खर्च की जा रही है निर्वाचन आयोग को दिए जा रहे चुनाव के खर्चे में यह सब शामिल नहीं दिखाई पड़ा है बिना परमिशन के सड़कों पर कई कई वाहन दौड़ रहे हैं रविवार को मंझनपुर कोतवाली में पुलिस अधिकारियों ने एक निर्दलीय उम्मीदवार के तीन वाहन को सीज कर दिया है लेकिन मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र में अभी और उम्मीदवार है जो चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए बैनर पोस्टर लगा रहे हैं तमाम वाहन बिना परमिशन के चुनाव प्रचार में सड़कों पर दौड़ रहे हैं इसी तरह नगरपालिका भरवारी का हाल है वहां भी कस्बे में बैनर पोस्टर नियम विरुद्ध लगाए गए हैं प्रत्याशी बेहिसाब खर्च कर रहे हैं चुनाव प्रचार के नाम पर लोगों ने तिजोरी खोल दी है लेकिन खर्च का ब्यौरा निर्वाचन आयोग तक नहीं भेजे जा रहे हैं चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के द्वारा खर्च किए जा रहे रुपयों की निगरानी किए जाने की जरूरत है कुछ प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए भी गुपचुप तरीके से धन बांटना शुरू हो गया है विधानसभा और लोकसभा की तर्ज पर लाखों रुपए काली रकम के खर्च करके नगर निकाय के चुनाव में जीत हासिल करने का प्रयास प्रत्याशियों द्वारा किया जा रहा है सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष के प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए हर हथकंडे अपनाए जा रहे हैं सघन अभियान चलाकर प्रत्याशियों के खर्चे की जांच कराए जाने की जरूरत है लेकिन अभी तक निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों के खर्च की जांच कराने की कोशिश नहीं की है जिससे प्रत्याशी मनमानी तरीके से निर्वाचन आयोग की धज्जियां उड़ा कर चुनाव प्रचार करने में लगे हैं जिले के अन्य नगर पंचायत में भी चुनाव प्रचार तेज हो गए हैं विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा मनमानी तरीके से चुनाव प्रचार किए जा रहे हैं बताया तो यहां तक जा रहा है सत्ता पक्ष से टिकट पाने के लिए 2 प्रत्याशियों ने एक करोड़ की रकम खर्च कर दी है।



## चुनाव प्रचार के दौरान थकान महसूस कर रही है भाजपा जिला अध्यक्ष

**कौशांबी।** कहावत है कि घोड़ा बेचकर आदमी चैन की नींद सो जाता है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी नगर पालिका भरवारी के चुनाव प्रचार के दौरान कार्यक्रम के मंच पर सोती हुई नजर आई है नगर निकाय के चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के टिकट वितरण से वह इतना थक गई है कि अब थकावट महसूस कर रही हैं। नगर पालिका परिषद भरवारी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में एक कार्यक्रम आयोजित था कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री भी मौजूद थे चुनाव के कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सुरेश राही के साथ कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी कार्यक्रम के दौरान मंच पर सोती हुई नजर आई है उपस्थित लोग क्या संबोधन कर रहे थे उसने इन्हें कोई लेना-देना नहीं था कार्यक्रम स्थल पर भाजपा नेताओं के संबोधन को सुनने आई जनता का कहना था कि क्या इसी तरीके से नगर पालिका भरवारी में कमल का फूल भाजपा खिलाएंगी कार्यक्रम को प्रभारी मंत्री संबोधित कर रहे थे कार्यक्रम में पीछे बैठे भी लोग सो रहे थे जिससे लगता है कि भाजपा नेताओं के भाषण सुनते सुनते जनता ऊब चुकी है भाजपा द्वारा आयोजित चुनाव कार्यक्रम में उम्मीद से कम भीड़ दिखाई पड़ रही थी जिससे भाजपा प्रत्याशी की बेचैनी बढ़ गई है।

## नामांकन करने के बाद ईमानदारी का भाषण देने लगे कई प्रत्याशी!

### झूठे बेईमान प्रत्याशियों से मतदाताओं को सावधान रहने की जरूरत

**कौशाम्बी।** नगर निकाय के चुनाव की घोषणा होते ही समाज सेवा का दावा लोग करने लगे हैं जबकि उनके पीछे तमाम बदनुमा धब्बे लगे हुए हैं लोगों के साथ बेईमानी करना झूठ बोलना मक्कारी और स्वार्थ की बात करना उनकी आदत में शामिल है इतना ही नहीं बेईमानी मक्कारी उनके खून खून में भरा हुआ है लेकिन नगर निकाय के चुनाव की घोषणा होते ही वह ईमानदारी का भाषण देने लगे हैं ऐसा लगता है कि उनसे बड़े समाज सेवक ने इस धरती पर जन्म नहीं लिया है यदि नगर पंचायत करारी की बात करें तो दो प्रत्याशियों की स्थिति यह है कि जिसका लिया उसका दिया नही है मौका मिला तो छल प्रपंच झूठ फरेब मक्कारी करने से पीछे नहीं रहे लेकिन अब नगर पंचायत करारी में नामांकन करने के बाद वह अपने को साफ सुथरा बता कर मतदाताओं को लुभाने में लगे हैं एक राजनीतिक दल से दो दावेदार थे पार्टी ने दोनों को टिकट नहीं दिया दोनों ने निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया और चुनाव मैदान में प्रचार करने लगे हैं पार्टी नेताओं का कहना है कि जो चुनाव जीतकर आएगा वह उनका होगा लेकिन दोनों के पुराने कारनामों पर तमाम बदनुमा धब्बे लगे हैं हालांकि चुनाव चिन्ह आवंटन होने के बाद लंबी चौड़ी बात करके मतदाताओं को लुभा कर नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी हथियाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन यह करारी नगर पंचायत के मतदाता है सब कुछ जानती है झूठ फरेब करने वाले प्रत्याशियों को नगर पंचायत करारी की जनता सबक जरूर सिखाएगी।

### अलग अलग थानों द्वारा तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त एजाज अहमद पुत्र अंसार अहमद निवासी जाफरपुर महावा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त शिव बाबू पुत्र शंकरलाल निवासी बरुई थाना सराय अकिल व नीरज कुमार शुक्ला पुत्र राजकुमार शुक्ला निवासी बहुग्रा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप मे थाना मंझनपुर से दो थाना सराय अकिल से एक थाना पिपरी से तीन कुल छः अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## बिना परमिशन प्रचार कर रहे प्रत्याशी के वाहन को पुलिस ने किया सीज

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर निकाय के चुनाव में बिना परमिशन लिए प्रत्याशियों के वाहन बेखौफ तरीके से सड़कों का प्रचार कर रहे हैं देर रात तक प्रत्याशी के वाहन मतदाताओं के घरों में पहुंचकर चुनाव प्रचार करते देखे जाते हैं मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्याशी लोकेश कुमार उर्फ पप्पू चौधरी तीन वाहन से नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र में प्रचार कर रहे थे वाहन के पीछे उनके पोस्टर बैनर लगे थे। नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ भ्रमण के दौरान थाना मंझनपुर क्षेत्र के अंतर्गत 3 गाड़ियां स्विफ्ट डिजायर नंबर वढ14इे9990, टाटा सफारी नंबर वढ73 7843, व एक्सयूवी 500 नंबर UP70CQ5002 जिस पर लोकेश कुमार उर्फ पप्पू चौधरी के




बैनर पोस्टर लगे थे, अपर पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालक से परमीशन मांगा तो द्वारा कोई कागज नहीं दिखाया गया जिस पर पुलिस ने तीनों गाड़ियों को मंझनपुर थाने पर लाकर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर सीज कर दिया है यह प्रत्याशी एक सपा नेता के समर्थक बताए जाते हैं और पूर्व में भारतीय जनता पार्टी से नगर पंचायत अध्यक्ष के टिकट के दावेदार थे लेकिन उन्हें भाजपा ने टिकट नहीं दिया।

### शराब के साथ चार अभियुक्त किये गए गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 58 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता राजकली पत्नी बेनीराम निवासी छीतापुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्ता का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दयाराम पाल पुत्र सहदेव पाल निवासी अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 13 लीटर अवैध शराब व सरजू पुत्र सिधवा निवासी परास थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त तेज्जा सरोज पुत्र स्व कल्लू सरोज निवासी कोरीपुर थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## दो अभियुक्तों को 20-20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना करारी अंतर्गत 23 फरवरी 2023 को वादिनी द्वारा अपने 05 वर्षीय बच्चे के साथ दुष्कर्म के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कराया गया था जिसमें दिनांक 04 अप्रैल 2023 को आरोप विरचित हुआ था आरोप विरचित से 20 दिवस के अन्दर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित दो अभियुक्तों मैना पुत्र राम चन्द्र व सतेन्द्र पुत्र राम दौलत निवासीगण म्यौहर थाना करारी को न्यायालय स्पे जज पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तो को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी करते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20-20 वर्ष कठोर कारावास तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

### गैगेस्टर के दो अभियुक्तों को 07-07 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत 07.05.2003 को मुकदमा पंजीकृत कर दो अभियुक्तों मक्खन पासी पुत्र छोटे पासी निवासी बड़ागांव थाना कोखराज राकेश उर्फ पप्पू पुत्र श्रीलाल पासी निवासी कोईला थाना पूरामुफ्ती को न्यायालय एडीजे- 05/ गैगेस्टर कोर्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 07-07 वर्ष कठोर कारावास तथा 25-25 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 01-01 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त करन सिंह ठाकुर पुत्र बब्बू सिंह निवासी जजौली थाना पश्चिम शरीरा को जजौली गेट के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते नौ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों झल्लर सिंह पुत्र विजय बहादुर सर्वेश पुत्र विजय बहादुर मुख्तार अहमद पुत्र ऐनुल कुलदीप पुत्र रमेश मिश्रा निवासीगण अंधावा थाना महेवाघाट को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 500 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 140 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस द्वारा पांच अभियुक्तों गुलाब पुत्र मो० यासीन गुलथुल पुत्र आसिक शारूख पुत्र परवेज 4. अजीजुहक पुत्र इजाजा अहमद निवासीगण कूड़ापुर थाना चरवा बबलू पुत्र इकबाल अहमद निवासी महगाव मलाक थाना संदीपनघाट को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 500 रूपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 680 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

# लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन किया जाए सुनिश्चित : सीडीओ

## जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति एवं जनपदीय टास्क फोर्स की सीडीओ ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ० रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति एवं जनपदीय टास्क फोर्स की बैठक की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष बच्चों का नामांकन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए कोई भी बच्चा छूटने न पाये। इसके साथ ही उन्होंने ड्रॉप आउट बच्चों का सर्वे कराकर अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को विद्यालयां के निरीक्षण के दौरान निपुण भारत के तहत बच्चां की दक्षता को भी परखने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार प्री-प्राइमरी से कक्षा-08 तक संचालित





समस्त परिषदीय/ राजकीय/ अशासकीय एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों का संचालन प्रातः 7:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक संचालित कराने के आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। उन्हांने रसोइयों का भुगतान समय से सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कराकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को शेष रह गये कार्यों को भी तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें, ताकि शत-प्रतिशत संस्तृप्तीकरण के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सकें। उन्होंने उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक नियमित रूप से कराने के भी निर्देश दियें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं का आधार प्रमाणीकरण, समेकित शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण आदि की भी विस्तृत समीक्षा की गई।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं डी0पी0आर0ओ0 बालगोविन्द श्रीवास्तव एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जन संपादकीय

## चीन से आगे होंगे तो आगे सोचना भी होगा

स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनकर चीन को पीछे छोड़ चुका है। इसके अलावा, भारत में करीब 50% आबादी 25 वर्ष से कम उम्र की है और इसलिए पूरी तरह से महसूस करने के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश की संभावना, युवा लोगों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण नौकरियों में निवेश किया जाना चाहिए।जनसांख्यिकीय लाभांश आर्थिक विकास क्षमता को संदर्भित करता है जो जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप हो सकता है, मुख्य रूप से जब कामकाजी आयु की आबादी (15 से 64) का हिस्सा आबादी के गैर-कार्य-आयु के हिस्से से बड़ा होता है।

बता दें कि संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 19 अप्रैल को 142।86 करोड़ की आबादी के साथ भारत अब चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश हो गया है। चीन अब 142।57 करोड़ की जनसंख्या के साथ दूसरे नंबर है। भारत की आबादी चीन से अधिक होने की बात की है, उसी दिन से हम फूल रहे हैं। सोच रहे हैं कि आबादी के बूते हम चीन को मात दे देंगे। लेकिन सिर्फ आबादी ही सब कुछ नहीं है। हेडकाउंट और क्वालिटी वाली आबादी में अंतर होता है। चाहे भारत हो या चीन, दोनों की यात्रा लगभग साथ शुरू हुई है। भारत को स्वतंत्रता 15 अगस्त 1947 को मिली तो चीन को एक अक्टूबर 1949 को। उस समय भारत कई मायनों में चीन से बेहतर था। यहां अंग्रेजों ने रेलवे लाइन से पूरे देश को एक तरह से जोड़ दिया था।

शिक्षा के भी कई मशहूर केंद्र बन गए थे। जबकि, चीन में इस तरह का कोई ठोस काम भी नहीं हुआ था। पर चीन ने स्वतंत्रता के बाद जो सबसे बेहतर काम किया वह था सामाजिक विकास का। उसने शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर दिया। 'सबको शिक्षा और सबको स्वास्थ्य' का पक्का इंतजाम किया। सिर्फ नाम का नहीं, क्वालिटी वाला, वह भी निःशुल्क। वहां आजादी के बाद ही भूमि सुधार हुआ। सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू किया गया। नौकरी की सबको गारंटी थी। इसके कई दशक बाद वहां औद्योगिक विकास की शुरूआत हुई। भारत में आजादी के बाद इन सब चीजों की सिर्फ जुबानी चर्चा हुई। कुछ राज्यों में इस दिशा में काम भी हुआ, लेकिन कागजों पर ज्यादा, धरातल पर कम।

भारत में आजादी के बाद से ही औद्योगिक विकास का खाका खींचा गया जो आज तक चल रहा है। लेकिन हम चीन के मुकाबले किसी भी क्षेत्र में नहीं ठहर रहे हैं। आर्थिक अवसर पैदा करने और जनसांख्यिकीय लाभांश की क्षमता का एहसास करने के लिए किए जाने वाले उपाय जैसे रोजगार के अवसर पैदा करना देश के सामने सबसे बड़ी विकास चुनौती रोजगार सृजन है। भारत को 2030 तक 100 मिलियन और रोजगार सृजित करने की आवश्यकता है। औपचारिक रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाना चाहिए, विशेष रूप से श्रम प्रधान क्षेत्रों और नियार्तोन्मुखी उद्योगों जैसे कपड़ा, चमड़ा, जूते, रत्न, आभूषण आदि में।

शिक्षा लैंगिक अंतर को पाटने में सहायक है। भारत में लड़कियों की तुलना में लड़कों के माध्यमिक और तृतीयक विद्यालयों में नामांकित होने की संभावना अधिक है। फिलीपींस, चीन और थाईलैंड में इसका उल्टा है। इस प्रवृत्ति को भारत में उलटने की जरूरत है। कौशल विकास को देखते हुए कि भारत का कार्यबल कम उम्र में शुरू होता है, माध्यमिक शिक्षा से सार्वभौमिक कौशल और उद्यमिता में परिवर्तन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार ने कौशल भारत पोर्टल बनाया है और कौशल विकास के लिए संकल्प और स्ट्राइव योजनाओं की शुरूआत की है। कृषि क्षेत्र से संक्रमण हटाने के लिए भारत को कृषि पर निर्भर जनसंख्या के अपने हिस्से को कम करने की भी आवश्यकता है।

कम कमाई वाले कृषि श्रम के हिस्से को खींचकर बेहतर कुशल उच्च कमाई वाले श्रम में बदलने करने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था में महिला कार्यबल की भागीदारी 2019 तक, 20।3% महिलाएं काम कर रही थीं या काम की तलाश कर रही थीं, 2003-04 में यह आंकड़ा 34।1% था। दक्षिण कोरिया से सबक लिया जा सकता है, जहां 50% की महिला कार्यबल भागीदारी दर कानूनी रूप से अनिवार्य लिंग बजट और अंशकालिक काम के लिए कर प्रोत्साहन को बढ़ावा देने जैसे उपायों द्वारा निर्मित की गई है। जबकि भारत एक युवा देश है, राज्यों के बीच आबादी की उम्र बढ़ने की स्थिति और गति भिन्न होती है। दक्षिणी राज्य, जो जनसांख्यिकीय संक्रमण में उन्नत हैं, में पहले से ही वृद्ध लोगों का प्रतिशत अधिक है। हालाँकि, यह राज्यों को एक साथ काम करने के असीम अवसर भी प्रदान करता है, विशेष रूप से जनसांख्यिकीय संक्रमण पर, भारत के कार्यबल के जलाशय के रूप में उत्तर-मध्य क्षेत्र के साथ। भारत में सेवा क्षेत्र का सापेक्षिक आकार बड़ा है और रोजगार सृजन की संभावना बहुत अधिक है। उदाहरण के लिएः भारत अपने लागत लाभ के कारण स्वास्थ्य सेवाओं का निर्यात कर सकता है। इसके अलावा, जैसे-जैसे आय बढ़ती है, मनोरंजन, कला/मनोरंजन और आवास जैसे क्षेत्रों में नौकरियां तेजी से बढ़ेंगी। शासन में सुधार कर के राज्यों के बीच नीति समन्वय के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश के लिए शासन सुधारों के लिए एक नए संघीय दृष्टिकोण को लागू करने की आवश्यकता होगी।

उचित नीति कार्यान्वयन के लिए नौकरशाही लालफीताशाही को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। एक जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त करने का अवसर एक परिमित खिड़की के दौरान होता है जो धीरे-धीरे कार्यशील पीढ़ी की आयु के रूप में बंद हो जाता है। केंद्र और राज्य सरकारों को उभरते हुए जनसंख्या के मुद्दों जैसे प्रवासन, वृद्धावस्था, कौशल विकास, महिला कार्यबल भागीदारी और शहरीकरण से निपटने के लिए एक साथ आना चाहिए।

# कानूनी शिकंजे में अमृतपाल सिंह

-: ललित गर्ग :-



वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को पुलिस ने मोगा जिले से गिरफ्तार कर लिया है जो 18 मार्च से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस उन्हें बठिंडा के एयरफोर्स स्टेशन लेकर गई, जहां से उन्हें असम के डिबरूगढ़ जेल भेज दिया गया है।

खालिस्तान की मांग का समर्थन करने वाले अमृतपाल सिंह के गिरफ्तार होने के बाद अब अलग-अलग प्रतिक्रयाएं आ रही हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पूरे घटनाक्रम पर कहा कि पिछले कुछ दिनों से पंजाब के अमन-शांति को बर्बाद करने की कोशिश की जा रही थी। अगर चाहते तो उस दिन ही सभी को पकड़ लिया जाता लेकिन पंजाब सरकार कोई खून-खराबा नहीं चाहती थी। उन्होंने कहा, पंजाब में पिछले कुछ महीनों से कानून-व्यवस्था और अमन-शांति को तोड़ने की कोशिश हो रही थी, जैसे ही हमें इसकी जानकारी मिली हमने एक्शन लिया। हम किसी बेकसूर को तंग नहीं करेंगे। हम कोई बदले की राजनीति नहीं करते। मान ने कहा कि वो 3.5 करोड़ पंजाबियों का इस बात के लिए धन्यवाद करते हैं कि इस 35 दिनों में उन्होंने अमन-शांति और आपसी भाईचारे को बनाकर रखा। पंजाब में कृषि का जबरदस्त विकास मुख्यतः हरित क्रांति का परिणाम है, जिसने राज्य में आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी की शुरूआत की। अधिक पैदावार वाले गेहूँ और चावल के बीजों के आगमन साथ ही इन फसलों के उत्पादन में कई गुना वृद्धि हुई। पंजाब का लगभग समूचा कृषि क्षेत्र सिंचित है और इस प्रकार यह देश का सर्वाधिक सिंचित प्रदेश है। सरकारी नहरें और नलकूप सिंचाई के प्रमुख साधन हैं। यहां के लोग संपन्न एवं मिलनसार होते हैं।

गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस के आईजी (हेडक्वॉर्टर्स) सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि अमृतपाल सिंह के खलिाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की गई है। देर से ही सही, पंजाब पुलिस ने इस उग्र और अराजक खालिस्तानी समर्थक को पकड़ने में सफलता हासिल की। आखिरकार भगोड़े अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी गिरफ्तारी के संदर्भ में यह तथ्य चिंताजनक है कि वह एक गुरुद्वारे में शरण लिए हुए था। आखिर पंजाब के साथ देश की सुरक्षा के लिए खतरा बने एक चरमपंथी को गुरुद्वारे में शरण क्यों मिली? इस प्रश्न का उत्तर न केवल संबंधित गुरुद्वारे के व्यवस्थापकों को देना चाहिए, बल्कि उन पंथिक संगठनों को भी, जो पंजाब के माहौल में जहर घोल रहे अमृतपाल की निंदा करने के बजाय पंजाब सरकार और पुलिस पर अनावश्यक सवाल उठाने में लगे हुए थे। अमृतपाल के इरादे कितने खतरनाक थे, इसका पता इससे चलता है कि वह खुद को भारतीय नागरिक मानने से तो इनकार करता ही था, अपनी एक निजी सेना बनाने की तैयारी भी कर रहा था। उसके इरादों पर पानी फिरा तो इसीलिए, क्योंकि पंजाब में अब अलगाववादी सोच के लिए कोई स्थान नहीं बचा है।

चंद सिरफिरे मुट्ठी भर तत्व ही खालिस्तान की आवाज उठाते रहते हैं। इन तत्वों को सिर उठाने का अवसर नहीं दिया जाना चाहिए। यह तभी संभव होगा, जब पंजाब के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठन अमृतपाल सरीखे खतरनाक तत्वों के खिलाफ एक सुर में बोलेंगे। जब मामला राष्ट्रीय सुरक्षा का हो तब फिर संकीर्ण स्वार्थों वाली राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी जिस जगह से हुई वो इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि मोगा जिले का रोडे, ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान मारे गए जरनैल सिंह भिंडरांवाले का गाँव है। इसी गाँव में पिछले साल सितंबर में अमृतपाल को ह्यवारिस पंजाब देह्न संगठन का मुखिया बनाया गया था।

गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस के आईजी (हेडक्वॉर्टर्स) सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि अमृतपाल सिंह के खलिाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की गई है। देर से ही सही, पंजाब पुलिस ने इस उग्र और अराजक खालिस्तानी समर्थक को पकड़ने में सफलता हासिल की। आखिरकार भगोड़े अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी गिरफ्तारी के संदर्भ में यह तथ्य चिंताजनक है कि वह एक गुरुद्वारे में शरण लिए हुए था। आखिर पंजाब के साथ देश की सुरक्षा के लिए खतरा बने एक चरमपंथी को गुरुद्वारे में शरण क्यों मिली?

अमृतपाल सरीखे अराजक, अलगाववादी और विभाजनकारी तत्व की पैरवी करना आग से खेलना है। किसी के लिए भी समझना कठिन है कि विभिन्न पंथिक संगठनों ने उस अराजकता के खिलाफ आवाज उठाने में संकोच क्यों किया, जो अजनाला थाने में अमृतपाल और उसके समर्थकों की ओर से की गई थी। अजनाला में केवल अराजकता ही नहीं की गई थी, बल्कि श्री गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी भी की गई थी। इस बेअदबी की जांच कराने वाले जिस तरह मौन साध कर बैठ गए, उससे वे स्वतः ही कठघरे में खड़े दिख रहे हैं।

अमृतपाल को गिरफ्तार करके डिब्रूगढ़ भेज दिया गया है, लेकिन उससे गहन पूछताछ करने की आवश्यकता है, ताकि यह जाना जा सके कि वह दुबई से अचानक पंजाब किसके इशारे पर आया और किनके सहयोग और समर्थन से उसने पंजाब में अराजकता का माहौल बनाना शुरू किया। यह बिल्कुल भी अच्छा नहीं हुआ कि पंजाब के कुछ संगठन उसे दबे-छिपे रूप में और कुछ खुले तरीके से समर्थन दे रहे थे। वास्तव में इसी कारण वह भिंडरांवाला के गांव जाकर खुद को एक उपदेशक के रूप में पेश करने में सफल रहा। स्पष्ट है कि उसके समर्थकों को भी कठघरे में खड़ा करने की जरूरत है।

राजनीतिक दल के नेताओं ने अपने-अपने ढंग से इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। केजरीवाल ने लिखा, सीएम भगवंत मान साहिब ने इस मिशन को परिपक्वता और साहस से पूरा किया। बिना किसी रक्तपात और गोली चलाए पंजाब पुलिस ने कामयाबी हासिल की ह्न आम आदमी पार्टी के ही राज्य सभा सांसद संजय सिंह इस गिरफ्तारी को साहसिक कदम बताया है।

अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी पर शिरोमणि अकाली दल ने कहा है कि अब पंजाब पुलिस को सिख नौजवानों की बेवजह गिरफ्तारी रोक देनी चाहिए। मुझे लगता है कि पंजाब सरकार ने बेवजह ही केंद्रीय पुलिस को बुलाकर पंजाब की छवि को खराब किया है।

# युगांडा से सूडान संकट तक: बदलती भारतीय विदेश नीति

आर.के. सिन्हा




सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे भीषण गृहयुद्ध के चलते वहां हालात तो बद से बदतर होते चले जा रहे हैं। ऐसे में वहां फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने को लेकर सारा देश चिंतित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूडान में फंसे भारतीयों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकासी के लिए विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं । मतलब यह कि अब सरकार एक्शन मोड में आ गई है।

यह बदले हुए मजबूत भारत का नया चेहरा है। अब जहां पर भी भारतवंशी या भारतीय संकट में होते हैं, तो भारत सरकार पहले की तरह हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठती। आपको याद ही होगा कि रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल छात्र-छात्रायें यूक्रेन में फंस गए थे। उन्हें भारत सरकार तत्काल सुरक्षित स्वदेश लेकर आई। भारत के हजारों विद्यार्थी यूक्रेन में थे। वे वहां पर मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग और दूसरे पेशेवर कोर्स कर रहे थे। ये रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए वहां से निकल कर स्वदेश आना चाहते थे। पहले तो किसी को समझ में ही नहीं आ रहा था कि इतनी अधिक संख्या में यूक्रेन की राजधानी कीव और दूसरे शहरों में पढ़ रहे भारतीय नौजवानों को स्वदेश कैसा लाया जाएगा। पर इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव है। यह साबित करके दिखाया गया।

अब अफगानिस्तान में गृहयुद्ध के दिनों की ही बात को जरा याद कर लें। भारतीय वायु सेना और एयर इंडिया के विमान लगातार अफगानिस्तान से भारतीयों को लेकर स्वदेश आते रहे थे। काबुल में जिस तरह के हालात बन गए थे उसमें सारे भारतीयों को लेकर तालिबानी आतंकियों के बीच से लेकर आना कोई छोटी बात नहीं थी क इनको ताजिकिस्तान के रास्ते दिल्ली या देश के अन्य भागों में लाया जा रहा था। कुछ विमान कतर के रास्ते से भी आ रहे थे। उस वक्त भारत के अफगानिस्तान में दर्जनों विकास के बड़े प्रोजेक्ट चल रहे थे, इनमें अफगानिस्तान को नये तरह से खड़ा करने के लिए भारत हर तरह की मदद भी कर रहा था। भारत के हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट फंस गए थे । पर इन प्रोजेक्ट्स से हजारों भारतीय जुड़े हुए थे। इन्हीं भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा रहा था। भारत की तरफ से अफगानिस्तान बांध से लेकर स्कूल, बिजली घर से लेकर सड़कें, काबुल की संसद भवन से लेकर पावर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और हेल्थ सेक्टर आदि समेत न जाने कितनी परियोजनाओं को तैयार किया जा रहा था। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान से देश के नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने और वहां से भारत आने के इच्छुक सिखों व हिंदुओं को भी भारत में शरण देने का अधिकारियों को निर्देश भी दे दिये। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के नियंत्रण के बाद ही आने वाली परिस्थितियों को भांपते हुये भारत सरकार सक्रिय हो गई थी। जाहिर है, ये सब कदम उठाने के बाद भारत सरकार का इकबाल न केवल देश के अन्दर बल्कि विदेशों में भी बुलंद हुआ।

अब आगे बढ़ने से पहले 1972 के दौर में चलते हैं। अब भी बुजुर्ग हो रहे भारतीयों को याद ही होगा कि सन 1972 में अफ्रीकी देश युगांडा के तानाशाह ईदी अमीन ने अपने देश में रहने वाले हजारों भारतीयों को रातों रात आदेश दे दिया था कि वे सभी 90 दिनों में देश को छोड़ दें। हालांकि वे भारतीय ही युगांडा की अर्थव्यवस्था की जान थे। पर सनकी अमीन कभी भी और कुछ भी कर देता था। उसके फैसले से वहां पर दशकों से रहने वाले भारतवंशियों के सामने बड़ा भारी संकट खड़ा हो गया था । तब ब्रिटेन ने उन भारतीयों को अपने यहां शरण दी थी। तब हमारी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने उन भारतवंशियों के लिए कुछ नहीं किया था। ऐसा उन्होंने क्यों किया यह लोगों को अचम्भे में डालने वाला था क क्योंकि, वे कोई कमजोर प्रधानमंत्री तो थी नहीं क उस समय बांग्लादेश की आजदी और पाकिस्तान के 93000 सैनिकों के आत्म समर्पण के बाद उनके शोहरत का डंका बज रहा था क लेकिन, उन्होंने कोई ठोस कदम नहीं उठाये क पता नहीं क्यों ?

भारतीय युगांडा में लुटते-पिटते रहे थे, लेकिन हमने घडियाली आंसू बहाने के सिवा कुछ नहीं किया था। उन भारतीयों को हमसे अभी तक गिला है जो होना भी चाहिये । क्या हम सात समंदर पार जाकर बस गए बहादुर उधमी भारतीयों से सिर्फ यही उम्मीद रखें कि वे भारत में आकर निवेश करें?

पर अब भारत चुनौती का सामना करता है। भारत की बदली हुई विदेश नीति के चलते ही हमने टोगो में जेल में बंद पांच भारतीयों को सुरक्षित रिहा करवाया था। ये सब के सब केरल से थे। टोगो पश्चिमी अफ्रीका का एक छोटा सा देश है। भारत सरकार 2015 में यमन में फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाई थी। वह अपने आप में एक मिसाल हैक भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा से इन्हें पहले जिबूती ले जाया गया था। जिबूती से इन लोगों को चार विमानों से भारत वापस लाया गया। उस समय यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी अरब के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना ने सैन्य कार्रवाई शुरू की थी जिसमें हजारों भारतीय फंस गये थे ।

अब भारत सरकार के सामने सूडान से भारत के नागरिकों को लाने की बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री मोदी खुद सूडान से भारतीयों को वापस लाने के काम पर लगातार नजर रख रहे हैं। सूडान में चल रहे गृह युद्ध में कुछ भारतीयों के हताहत होने की भी खबरें हैं। सूडान में 3000 से अधिक भारतीय इस समय फंसे हैं। राजधानी खार्तूम में संघर्ष की वजह से इनकी निकासी में मुश्किलें आ रही हैं। बहरहाल, यह दुखद है कि भारत के मित्र देश सूडान में इतना गंभीर आतंरिक संकट चल रहा है। भारतीय विशेषज्ञ सूडान के वानिकी क्षेत्र के विकास में सन 1910 से सक्रिय हैं। महात्मा गांधी ने 1935 में इंग्लैंड जाते समय पोर्ट सूडान का दौरा किया था और सूडान में बसे भारत वंशियों से मुलाकात की थी ।

# बिना हड्डी की जीभ

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

हमारे एक मित्र हैं। आए दिन समाचार चैनल देख-देखकर उनके जुबान की धार बहुत तेज हो गई है। कभी-कभी लगता है कि साग-सब्जी भी अब इसी से काटते हैं। वैसे भी जहाँ धारदार जुबान हो वहाँ मुंड चाकुओं के होने का क्या मतलब? वे अक्सर मुझसे कहते रहते हैं कि लड़ाने को यों कुछ भी लड़ाया जा सकता है, पर जुबान लड़ाने का मजा ही कुछ और है। चाकू जुबान को नहीं चला सकती, लेकिन जुबान चाकू को जरूर चला सकती है। सुनने में बड़ा अजीब लगता है लेकिन किसी के आगे जुबान लड़ा कर देखिए। या तो बिगड़े काम बन जायेंगे। या फिर बने बनाए काम बिगड़ जायेंगे। यह सब जुबान लड़ाने वाले के कौशल पर निर्भर है कि वह कितनी अच्छी तरह से जुबान लड़ा सकता है।

जुबान लड़ाना एक कला है। इसके लिए साधना करनी पड़ती है। ऋषि-मुनि की तरह। अंतर केवल इतना है कि वे ऋषि-मुनियों को एकांत की आवश्यकता पड़ती है, जबकि जुबान लडाने वालों को भीड़ की। चुनावी रैलियों, चाय की टपरी, नुक्कड़ो-चौराहों पर यह माहौल बना-बनाया मिलता है। शरीर में जुबान ही एक ऐसा अंग है जिसमें हड्डी नहीं होती है। इसलिए दुनियाभर के इंसान अलग-थलग हैं। जुबान लड़ाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसकी शास्त्रीय व्याख्या बहुत जरूरी है। आप कल्पना करके देख सकते हैं कि यदि कोई व्यक्ति कुछ बोल रहा हो और उसकी बात को काटकर अपनी जुबान लड़ा दें तो स्वाभाविक है कि सामने वाली की ऐसी-तैसी होनी ही है।

आखिर जुबान लड़ाने का अर्थ क्या है? अर्थ इसका काफी विस्तृत है, इसलिए विविधता भी पाई जाती है। जरूरी नहीं कि आप जिस कारण कहीं जुबान लड़ाते हो, हम भी उसी कारण से लड़ाएँ। अर्थात यह लड़ाने वाले की नीयत पर निर्भर करता है। फिर भी, एक सार्वजनिक अर्थ इसका है, अनावश्यक हस्तक्षेप करना। कोई चाहे, न चाहे, जरूरत हो, न हो। दूसरों के मामलों में दखलअंदाजी करना। यह महज एक सामान्य और सतही अर्थ है।

इसके अर्थ की व्यापकता की कोई सीमा नहीं है। यह पूरी तरह जुबान लड़ाने वाले की सुविधा, इच्छा और जरूरत पर निर्भर करता है। अब रही बात कि जुबान लड़ाने की जरूरत क्या है? यह एक शौक है, आदत है या बीमारी? देखिए, पहले इसकी शुरूआत तो एक शौक के रूप में होती है और अंत बीमारी में। जिसको यह शौक होता है, उसे जुबान लड़ाने में मजा आने लगता है। जब इसकी आदत पड़ जाती है, तब वह अवसर ढूँढ़ने लगता है। जब इसकी लत पड़ जाती है, तब उसे जुबान लड़ाए बिना चैन नहीं पड़ता है और अंत में जब बीमार पड़ जाता है, उस अवस्था में, बिना लड़ाए भी लड़ता ही रहता है। यह जुबान लड़ाने का क्लाइमेक्स है।

प्रायः हमने देखा होगा कि कुछ लोग बुढ़ापे में दिन-रात बड़बड़ाते रहते हैं। ऐसे लोगों को यह आदत जवानी में जुबान अड़ाने से आती है, जो बुढ़ापे तक आकर बीमारी का रूप धर लेती है। कोई सुने, न सुने, वे बोलते ही रहते हैं। पहले जहाँ दूसरों को सुनाते थे, अब खुद ही सुनते हैं। सुना है कि विदेशों में लोगों को जुबान लड़ाने की आदत नहीं होती है। पता नहीं, वे फिर जीते कैसे हैं। हम बिना जुबान लड़ाए एक क्षण भी नहीं रह सकते हैं। जुबान लड़ाने को हम अपनी सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी समझते हैं। इस जिम्मेदारी का एहसास हममें इतना गहरा होता है कि हम प्रायः अपना काम-धंधा छोड़कर भी, जुबान लड़ाने का नैतिक दायित्व पूरी ईमानदारी से निभाए चलते हैं। जहाँ तक जुबान लड़ाने की शैली की बात है, वह सबकी अलग होती है। जो लोग इसका अभ्यास शुरू करना चाहते हैं, वे भूलकर भी, सचमुच किसी के सामने साक्षात अपनी जुबान नहीं लड़ाते। इससे मूल लक्ष्य बाधित होता है और हमारे हाथ-पैर या सिर के खंडित होने का खतरा भी उत्पन्न हो जाता है, क्योंकि किसी के सामने अपनी जुबान लड़ा देने पर, यह जोखिम हो जाता है कि वह इसका सार्थक उपयोग करते हुए कहीं हमें उठाकर पटक ही न दे। जुबान लड़ाना पूरी तरह से एक मानसिक प्रक्रिया है, इसलिए यह बात करने से अधिक शास्त्रीय है।

## इस भीड़ से भी व्यंग्य निकलता है!

सुशील कुमार महला

**सोशल** मीडिया को लेकर आजकल लेखकों में हल्का हल्का नहीं बहुत भारी सुरूर है। सोशल मीडिया ही असली गुरूर है। आजकल इतने कुकरमुत्ते लेखक पैदा हो गये हैं कि बेचारे कुकुरमुत्तों तक को भी शर्म सी आने लगी है। ये कुकुरमुत्ते, कुकरमुत्ती लेखन पैदा कर रहे है और हर तरफ गली-गली,मोहल्ले-मोहल्ले, गांव-गांव,शहर-शहर, सड़क, पनघट जित देखो तित साहित्य के घट भर रहे हैं । इन कुकुरमुत्ते लेखकों को बस लेखन का गुरूर है। बस लेखन का ही सुरूर है। शेष सब फिजूल है। जो भी लिखा जा रहा है, वह ऊल-जलूल है।

लेकिन यही असली साहित्य का मूल है। शेष सब भूल है। साहित्य के लिए दिन-रात तपने वाले लेखकों का इन लेखकों(सोशल मीडिया के लेखक) को देखकर जल रहा खून है लेकिन जुनून तो जुनून है। अजी ! लेखन का जादू इन भारी-भरकम(सोशल मीडिया के कट,कॉपी,पेस्ट लेखक) लेखकों के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, इंटरनेट पर अनाप शनाप साहित्य इन्हीं कुकुरमुत्तों के बल पर ही तो डोल रहा है। अजी ! आज युवा पीढ़ी कविताई-सविताई, शायराना-फायराना हुई जा रही है। जैसे आजकल लव इन मेट्रो हो रहा है, 'सोशल मीडिया' आज के लेखकों का असली लव हो रहा है। लेखक आजकल लेखन में इतने मशगूल हो गये हैं कि वे लेखन को लेकर इतने इतराते लगे हैं कि जिगर मुरादाबादी की पंक्तियों को लेखन के संदर्भ में गुनगुनाने लगे हैं। एक लेखक बोला-'हम को मिटा सके(सोशल मीडिया से), ये जमाने में दम नहीं। हम से जमाना खुद है, जमाने से हम नहीं।' दूसरा बोला-' मैं अकेला ही चला था(सोशल मीडिया पर) जानिब-ए-मंजिल मगर, लोग साथ आते गए(सोशल मीडिया पर) और कारंवा बनता गया।' तीसरा बोला-'कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता, कहीं जमीन कहीं आसमां नहीं मिलता।(आज तक सोशल मीडिया के अभाव में स्टेज नहीं मिली थी,अब लेखन के लिए सोशल मीडिया की स्टेज मिल गई है।) सोशल मीडिया पर लेखकों का गजब का कारंवा बन रहा है। तोताराम जी कहते हैं अजी ! जिंदगी तेजतर है तो आजकल के कुकुरमुत्ता 'लेखक' भी तो जरा जल्दी में हैं। तकनीक ने इन लेखकों को साधन- सम्पन्न बना दिया। अजी ! बड़े बड़े लेखकों की नब्ज तक को इन्होंने हिला दिया। एक क्लिक पर 'मैटर पर मैटर' उपलब्ध है। व्याकरण, वर्तनी, कंटेट को देखकर कोई आज क्यों स्तब्ध है ?

## न्यूज झरोखा

### एएसपी ने मानिकपुर में देखा स्ट्रांग रुम



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पंचायत मानिकपुर क्षेत्र में भ्रमण कर तैयारी एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नामांकन स्थल तहसील मानिकपुर का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को दिशा-निर्देश दिये।
सोमवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने नगर पंचायत मानिकपुर के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आदर्श इण्टर कालेज स्थित स्ट्रांग रुम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चुनाव ड्यूटी को बाहरी जिलों से आने वाले पुलिस बल के ठहरने के स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थायें दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने मानिकपुर थानाध्यक्ष से कहा कि बाहरी पुलिस बल को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।
इसी क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने कर्वी तहसील के नामांकन स्थल का निरीक्षण किया। ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। तहसील कर्वी में ब्लाक के पास लगे जाम को सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने डंडा फटकारकर जाम को हटवाया।

### 31 रक्तदाताओं से संग्रह किया 15 यूनिट रक्त



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** संत निरंकारी मंडल शाखा कर्वी ने मानव एकता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संत निरंकारी मंडल शाखा कर्वी पहाड़ी रोड में लगाया।
सोमवार को श्री शिवभवन एवं रक्त कोष प्रभारी जिला संयुक्त चिकित्सालय के डॉ शैलेंद्र कुमार ने रक्तदाताओं का स्वागत कर कहा कि पुनीत कार्य में जिन लोगों ने सहभागिता की है, वे सभी बधाई के पात्र हैं। 18 वर्ष से 65 वर्ष की आयु का कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति तीन माह के अंतराल में रक्तदान कर सकता है।
शंकरदीन परामर्शदाता ने रक्तदाताओं की काउंसलिंग कर अमित कुमार प्रयोगशाला प्राविधिक ने सभी जांच की। स्वैच्छिक रक्तदाता नरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अमरजीत, संदीप साहू, शिवांशु साहू, संदीप चैहान, सौरभ श्रीवास्तव, श्रीमती आरती चैहान, श्रीमती सिमरन श्रीवास्तव, श्रीमती नीतू वर्मा, श्रीमती कल्पना देवी, श्रीमती चुन्नी देवी, डॉ विमल सिंह, इंद्रजीत एवं श्रीमती मीना देवी ने एक-एक यूनिट रक्तदान किया।
इस मौके पर रक्त कोष में तैनात अमित कुमार, शंकर दीन, लक्ष्मी सागर, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 31 रक्तदाताओं का पंजीकरण कर 15 यूनिट रक्त संग्रह किया। सभी रक्तदाताओं का रक्त कोष प्रभारी डॉ शैलेंद्र कुमार ने आभार जताया।

### अपहरण में टाइगर को हुई पांच साल की सजा

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। थाना मऊ में दर्ज अपहरण एवं दस्यु उन्मूलन अधिनियम के आरोपी भइयन उर्फ खरदूषण उर्फ टाइगर पुत्र हीरालाल यादव निवासी नेउरा थाना मऊ को अपर सत्र न्यायाधीश विनीतनारायण पाण्डेय की अदालत ने पांच साल का कारावास व दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।
सोमवार को मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह व पैरोकार आनन्द कुमार ने पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अदालत में चल रहे मामले में समय से गवाहों की पेशी कराई। फौजदारी अधिवक्ता श्यामसुन्दर मिश्रा व सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के नतीजतन अपहरण एवं 12/14 डकैती अधिनियम के आरोपी भइयन उर्फ खरदूषण उर्फ टाइगर पुत्र हीरालाल यादव को अदालत ने पांच वर्ष के कारावास व दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।
ज्ञात है कि आरोपी भइयन उर्फ टाइगर ने दस्यु गोप्पा गैंग से मिलकर चन्द्रकिशोर पुत्र जगन्नाथ आरख निवासी मोहनपुर खंडेहा के भाई लक्ष्मीनारायण उर्फ पहलवान को अपने खेत मैनेजर डेरा के पास नेउरा गांव से अपहरण कर लिया था। इसका मामला मऊ थाने में दर्ज हुआ था। विवेचक ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### प्रशासनिक बेड़े में फिर फेरबदल, 25 आरएएस अफसरों के तबादले

**जयपुर। प्रदेश** में गहलोत सरकार ने एक बार फिर राजस्थान प्रशासनिक बेड़े में बदलाव करते हुए अफसरों को इधर-उधर किया है। शनिवार रात 25 आरएएस अफसरों के तबादले किए गए। कार्मिक विभाग की ओर से अफसरों को नए पद पर कार्य संभालने के निर्देश दिए गए हैं। तबादला सूची में 6 अतिरिक्त जिला कलेक्टर और 6 उपखण्ड अधिकारी भी बदले गए हैं। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार केसर लाल मीणा का आयुक्त नगर निगम बीकानेर, गोपाल लाल बिरधा का अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर, वीरेंद्र सिंह चौधरी का जिला कलेक्टर सीलिंग न्यायालय बूंदी, चेतन चौहान का रजिस्टार राजस्थान संस्कृत विद्यालय जयपुर, अनीता मीणा का आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एवं पदेन उप शासन सचिव जयपुर, बीना महावर का अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर भरतपुर, ओमप्रकाश विश्नोई प्रथम का अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट फलोदी जोधपुर तबादला किया गया है। इसके अलावा चांदमल वर्मा का निदेशक स्थानीय निकाय विभाग जयपुर, अंबालाल मीणा का विशेष अधिकारी जयपुर शहर परिवहन सेवा लिमिटेड जयपुर, राजेंद्र सिंह चुंडावत का जिला आबकारी अधिकारी पाली, देवेंद्र कुमार जैन का अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अध्यक्ष जिला क्रम समन्वय एवं परियोजना अधिकारी मांडा बीकानेर, अब्बू खान का रजिस्ट्रार हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर, राजकुमार कुशवाहा का अध्यक्ष जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट धौलपुर, शिवपाल जाट का मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद कम अध्यक्ष जिला कार्यक्रम समन्वयक इजीएस एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी मांडा बाड़मेर तबादला किया गया है।

# शिक्षा के साथ खेलकूद में भी आगे बढें नवोदय विद्यालय के बच्चे: डीएम

## डीएम-सीडीओ ने ध्वजारोहण कर किया खेल का शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने जवाहर नवोदय विद्यालय मानिकपुर में क्षेत्रीय बास्केट बॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया।
सोमवार को जिलाधिकारी ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय की नींव पूरे भारत में इसलिए रखी गई थी कि सभी छात्र-छात्राएं मिलजुल कर अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। इस तरह के विद्यालय पूरे भारत वर्ष में लगभग 600 से ज्यादा चल रहे हैं। छात्र-छात्राओं से कहा कि सभी लोग शिक्षा के साथ खेलकूद में रुचि रखकर देश को आगे बढायें, ताकि जीवन सुखमय रहे। सभी लोग खेलकूद, पढ़ाई आदि जिस स्तर पर कार्य कर रहे हैं, उसमें समय बहुत महत्वपूर्ण है। यह समय दोबारा लौटकर नहीं आएगा। जीवन के भविष्य को बेहतर शिक्षा ग्रहणकर आगे बढ़े। यही शुभकामनाएं हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि सभी लोगों को इस विद्यालय में कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला है। जिस स्तर पर रुचि रखते हैं, उसी के अनुसार तैयारी करें, ताकि जीवन सुखमय हो। सोशल मीडिया से दूर रहें। जो भी



संसाधन है उसका प्रयोग करके उसी अनुसार कार्य करें। इस समय मेहनत करेंगे तो आगे चलकर आपकी लाइफ अच्छी रहेगी। विभिन्न राइट्स फैसिलिटी जो मिली है उसे ध्यान में रखकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर आगे बढ़े और विद्यालय का नाम रोशन करें।
जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक त्रिपाठी ने डीएम-सीडीओ को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कहा कि विद्यालय के बच्चे भारत का भविष्य है। उन्होंने कहा कि बास्केट बाल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में चार क्लस्टर भाग ले रहे हैं। 24-24 प्रत्येक क्लस्टर पर बास्केटबॉल पर शामिल किया जा रहा है। इस खेल में आगरा, लखनऊ, हरदोई, वाराणसी के बच्चे शामिल हैं। जो बास्केटबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।
इसके पूर्व जिलाधिकारी व सीडीओ ने ध्वजारोहण कर खेल के शुभारंभ की घोषणा की। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष मानिकपुर बीपी सिंह समेत संबंधित अधिकारी, विद्यालय के शिक्षक, छात्र छात्रायें आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी समेत सपा-बसपा ने किया नामांकन

## भाजपा प्रत्याशी के जुलूस को देख कयासबाजियां शुरू, सपा प्रत्याशी के नामांकन में नहीं थी किराये की भीड: जिलाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भाजपा के नगर पालिका परिषद कर्वी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने हजारों समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में तहसील परिसर जाकर नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किये। अभी तक दाखिल नामांकन जुलूसों में नरेन्द्र गुप्ता सभी पर भारी पड़े हैं। उनके जुलूस को देखकर लोगों में उनकी जीत के प्रति कयासबाजी शुरू हो गई है।
सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पुरानी कोतवाली के बाहर मैदान भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता का जुलूस तहसील परिसर की ओर निकला। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ हाईवे पर स्थित व्यापारियों से मिलते हुए तहसील पहुंचे। रास्ते में भारी जुलूस के चलते कई बार वाहनों का जाम लगा। भाजपाइयों का जुलूस पैदल मार्च कर रहा था। इसके बावजूद वाहनों के आवागमन के चलते जाम लगता रहा और जुलूस अपनी मंजिल की ओर बढ़ता रहा। तहसील परिसर गेट के पहले भाजपाइयों के भारी जुलूस को वहां मौजूद पुलिस बल ने रोक दिया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे,



प्रस्तावक/समर्थक के साथ एसडीएम सदर कार्यालय पहुंचे। यहां भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने दो सेटों में नामांकन दाखिल किया। इसके बाद जुलूस शान्तिपूर्ण ढंग से वापस पुरानी कोतवाली आकर समाप्त हो गया। जुलूस को देखने वालों के बीच शहर के लोगों में आज से ही कयासबाजी का दौर शुरू हो गया है। लोगों ने कहा कि अब तक दाखिल नामांकन जुलूस में सबसे भारी जुलूस भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता का देखा गया है। जुलूस में खासतौर पर सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, आलोक पाण्डेय, भागवत त्रिपाठी समेत हजारों लोग शामिल रहे। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद कर्वी के सपा प्रत्याशी जागेश्वर यादव का जुलूस सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, विधायक अनिल प्रधान, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, नरेन्द्र यादव आदि की अगुवाई में तहसील परिसर पहुंचा। सपा प्रत्याशी की भीड में शामिल लोग अपने मन से आये थे। सपा प्रत्याशी की भारी भीड से उत्साहित सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि ये भीड किराये की नहीं है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष भइयालाल यादव, विद्यासागर यादव, ज्ञानेन्द्र यादव, मनोज यादव, फूलचन्द्र यादव, मो सलीम, आदि शामिल रहे।
नगर पालिका परिषद कर्वी के अध्यक्ष पद के बसपा प्रत्याशी कुशल सिंह पटेल बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा की अगुवाई में तहसील परिसर पहुंचकर नामांकन किया। उनके नामांकन जुलूस में भी भारी भीड देखने को मिली। इस मौके पर बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामलखन निषाद, इकराम वर्मा, इफ्तखार अहमद, फूलचन्द्र आदि शामिल रहे।
इसी क्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने मानिकपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मेनका कोल का नामांकन खासे तामझाम से कराया। इस मौके पर पीसीसी सदस्य रंजनाबरातीलाल पाण्डेय, जिला सचिव यमुना शुक्ला, हरीओम पाण्डेय, चन्द्रप्रकाश करवरिया, शिवगुलाम वर्मा, देवानन्द कंचनी, अवधबिहारी तिवारी, कामता प्रसाद द्विवेदी, भीखम प्रसाद, वीर कुमार, प्रशान्त गुप्ता, कुलदीप द्विवेदी, प्रदीप अग्रहरि, धीरेन्द्र त्रिपाठी समेत सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कुल मिलाकर सभी के नामांकन शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए हैं।

# दो गांजा तस्करों समेत तमंचे में युवक को दबोचा, उडीसा से लाते थे गांजा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा विजय बहादुर यादव की टीम ने योगेन्द्र उर्फ अजय सिंह पुत्र कृपाशंकर सिंह निवासी चम्पागढ़ थाना पनवार जिला रीवा मप्र को तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में मामला दर्जकर जेल भेजा है। टीम में दरोगा विजय बहादुर यादव, सिपाही इंदल कुमार शामिल रहे।
सोमवार को इसी क्रम में सरधुवा थानाध्यक्ष प्रवीण



कुमार सिंह की टीम ने दो अन्तर्राज्जीय गांजा तस्करों के कब्जे से सात किलो चार सौ ग्राम गांजा व एक पिकअप वाहन समेत दबोचा है। ज्ञात है कि सोमवार को थानाध्यक्ष सरधुवा की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि नहरा गांव से आशीष उर्फ कौशलेन्द्र पुत्र सुनीलदत्त त्रिपाठी व मुकेश कुमार उर्फ मुक्कू पुत्र अवधेश कुमार त्रिपाठी निवासी नहरा पिकअप वाहन संख्या यूपी96बी-9785 पर गांजा की तस्करी कर रहे हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से सात किलो चार सौ ग्राम गांजा बरामद किया। पूंछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे उडीसा से गांजा लाते थे। जिले समेत आसपास के जिलों में सप्लाई करते थे। गांजा बरामदगी की बाबत अभियुक्तों के खिलाफ थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बरामद वाहन को धारा 207 एमबी एक्ट में सीज किया। टीम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही, बब्बू राजा व अतुल मिश्रा शामिल रहे।

# तीन के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब-55 क्वार्टर देशी शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब व 55 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। सोमवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने रामचरन यादव पुत्र स्व बाबूलाल निवासी रेहुटिया के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोतवाली में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, दीवान फरीदुद्दीन, सिपाही दीपांकर सिंह शामिल रहे। इसी क्रम में चैकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने लालमन कोल पुत्र स्व चुन्नीलाल निवासी रम्पुरिया मजरा सरैंया के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ मानिकपुर में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि पाण्डेय व सिपाही चन्द्रभूषण राय शामिल रहे। मानिकपुर थाने के दरोगा हारुन रशीद खां की टीम ने रामू उर्फ रामौतार पुत्र चुन्नालाल निवासी बराहमाफी के कब्जे से 40 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ मानिकपुर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम दरोगा हारुन रशीद खां, सिपाही शुभम मिश्रा शामिल रहे।

### कोरोना के 37 नये मामलों से कानपुर में फिर हड़कंप

**कानपुर। यहां** एक बार फिर शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों पर भी कोरोना वायरस ने धावा बोल दिया है। कानपुर महानगर से जुड़े हुए ग्रामीण इलाके पतारा, घाटमपुर, भीतरगांव में बड़ी संख्या में मामले सामने आए हैं। वहीं गुरुवार को कुल 37 नए मामले सामने आए, जिसके बाद कानपुर महानगर में मरीजों का आंकड़ा 143 पहुंच गया है।
इन हालात में स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर कोरोना को लेकर अलर्ट मोड पर आता हुआ दिखाई दे रहा है। लगातार आ रहे मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ विभाग भी लगातार अपनी तैयारियां बढ़ा रहा है। कोरोना को लेकर कानपुर के हैलट अस्पताल में अलग बेड रिजर्व करके रख दिए गए हैं।
सीएमओ डॉक्टर आरपी मिश्रा ने बताया कि कुल मामलों की संख्या 143 पहुंच गई है. वहीं 12 मरीजों का होम आइसोलेशन पूरा हो गया है. कानपुर महानगर में एक्टिव केस की बात की जाए तो अब भी 118 केस एक्टिव हैं. गुरुवार को आए मामले मुख्य रूप से कानपुर के कल्याणपुर, नवाबगंज, घाटमपुर, पतारा, भीतरगांव आदि क्षेत्र के हैं।
स्वास्थ्य विभाग का कहना यह भी है कि हर प्रकार की स्थिति से लड़ने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. वहीं जिला प्रशासन भी लगातार अपील कर रहा है कि लोग मास्क का इस्तेमाल करें. इसके साथ ही कोरोना वायरस संक्रमण से बचने के लिए पहले वाली गाइडलाइन को फॉलो करें.

### सामूहिक सभाएं कोविड सुपरस्प्रेडर्स हैं: केजीएमयू विशेषज्ञ

**लखनऊ। चिकित्सा** विशेषज्ञों ने शादियों जैसे सामूहिक समारोहों के खिलाफ चेतावनी दी है, जो कोविड मामलों के लिए सुपरस्प्रेडर बन रहे हैं। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, लोगों ने सावधानी बरतना और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना बंद कर दिया है।
केजीएमयू के प्रोफेसर सूर्यकांत ने कहा, यह शादियों, प्रदर्शनियों, मेलों, सामाजिक आयोजनों और धार्मिक समारोहों का मौसम है और लोग बिना सामाजिक दूरी का पालन किए और बिना मास्क पहने इनमें शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा, नगरपालिका चुनाव चल रहे हैं और प्रचार जोरों पर है। लोगों को अधिकतम सावधानी बरतनी चहिए।
आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर मनिंदर अग्रवाल, जिन्होंने गणितीय गणना के माध्यम से दूसरी और तीसरी कोविड लहर के शिखर की सटीक भविष्यवाणी की थी, ने अब कहा है कि कोविड के मामले मई के मध्य में चरम पर होंगे और फिर ग्राफ धीरे-धीरे नीचे आएगा।
यूपी के अधिकांश मॉल और मल्टीप्लेक्स में आगंतुकों के लिए सैनिटाइजर और थर्मल स्कैनर लाए गए हैं, लेकिन अधिकांश लोग अभी भी मास्क नहीं पहन रहे हैं। एक स्थानीय मॉल के प्रबंधक ने कहा, कम से कम 70 फीसदी लोग बिना मास्क पहने आते हैं और हम उन्हें याद दिलाने की कोशिश करते हैं, लेकिन इसका कोई असर नहीं होता है।
कोविड मामलों में वृद्धि की परवाह किए बिना ज्यादातर लोग पहले से ही यात्रा की योजना बनाने में व्यस्त हैं।
राजीव माहेश्वरी ने कहा, स्थिति चिंताजनक नहीं है और मुझे लगता है कि महामारी के तीन साल बाद मेरे परिवार को छुट्टी की जरूरत है।

### यूपी में मकान की छत गिरने से चार घायल

**हाथरस। उत्तर** प्रदेश के हाथरस जिले में एक घर की नवनिर्मित छत के मलबे में दबने से एक महिला समेत चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना हाथरस जिले के सादाबाद थाना क्षेत्र के समदपुर गांव में शनिवार देर रात हुई।
चारों को गंभीर हालत में हाथरस जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
सादाबाद के एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि अचानक बीम टूटने से छत गिर गई।
घायलों की पहचान लक्ष्मी, श्रीनिवास (राजमिस्त्री), राहुल (ग्रामीण) और एक मजदूर रूप सिंह के रूप में हुई है।

### जहरीली गैस की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**महोबा। उत्तर** प्रदेश के महोबा जिले में एक दर्दनाक घटना में कुएं के अंदर जहरीली गैस की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 58 वर्षीय वीरेंद्र कुमार और उनके दो बेटे देवेंद्र और चंद्र प्रकाश शामिल हैं। खबरों के मुताबिक वीरेंद्र कुमार शनिवार की शाम मोटर पंप ठीक करने के लिए कुएं में उतरे थे। जब वह काफी देर तक वापस नहीं आए, तो देवेंद्र और चंद्रप्रकाश कुएं में उतर गए, लेकिन वे भी कुएं से बाहर नहीं आए।
कुएं पर बैठी वीरेंद्र कुमार की पत्नी मदद के लिए चिल्लाने लगी तो आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।
वे कुएं के नीचे उतरे और बेहोशी की हालत में पिता-पुत्रों को बाहर निकाला।
सभी को इलाज के लिए पड़ोस के हमीरपुर जिले के मौदहा सीएचसी ले जाया गया. वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।
जिलाधिकारी महोबा मनोज कुमार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने गांव पहुंचकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवाया।

### यूपी सरकार ने सभी विभागों को लू से निपटने का दिया निर्देश

**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश सरकार ने गर्मी के मौसम में लू से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों को तैयार रहने का निर्देश दिया है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को तालाबों की मरम्मत का कार्य पूर्ण करने तथा सिंचाई के लिए आपूर्ति तथा पशु-पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा हीट वेव के अलर्ट के मद्देनजर राज्य सरकार ने गर्मी के मौसम में जलापूर्ति के लिए मुख्य विकास अधिकारी या एडीएम स्तर के अधिकारी को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त करने का आदेश दिया है।
उन्होंने कहा कि लोगों को गर्मी से बचने और तापमान को कम रखने के लिए छत को सफेद रंग से रंगने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

## तिब्बत से सटे किमाथांका बॉर्डर क्रॉसिंग खुलवाने को प्राथमिकता से कर रहे प्रयास : नेपाल

**काठमांडू।** तिब्बत से सटे किमाथांका बॉर्डर क्रॉसिंग खोलने की नेपाल की पहल को चीन नजरअंदाज करता आ रहा है। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने कहा कि पूर्वी नेपाल के संखुवासभा जिले में चीन से सटे सीमा क्रॉसिंग को खोलने के लिए उच्च प्राथमिकता के साथ प्रयास किए जा रहे हैं।विदेश मंत्री सऊद से कोशी प्रांत के सांसद और संखुवासभा जिले के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की और उनसे किमाथांका बॉर्डर क्रॉसिंग खुलवाने की पहल करने को कहा। इस पर मंत्री सऊद ने कहा कि वह इस बारे में चीन से बात कर रहे हैं। किमाथांका एक महत्वपूर्ण सीमा है। सीमा खोलने के लिए चीन की सरकार के साथ चर्चा चल रही है। किमाथांका एक ऐतिहासिक क्रॉसिंग है, जो कोविड-19 महामारी के मद्देनजर फरवरी 2-20 से बंद है। तभी से इसे कूटनीतिक माध्यम से खोलने की कोशिश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से बंद रसुवागढ़ी क्रॉसिंग को अप्रैल महीने से दोनों तरफ से खोला गया है। इसी सप्ताह से तातोपानी क्रॉसिंग भी खुल रहा है। किमाथांका बॉर्डर क्रॉसिंग को चीन ने अभी नहीं खोला है।



## नेपाल में तीन सीटों पर हुए उपचुनाव में 60 फीसदी मतदान

**काठमांडू।** नेपाल में तीन क्षेत्रों में हुए संसदीय उप चुनाव में 60 फीसदी मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के अनुसार सबसे ज्यादा मतदान बारा 2 में और सबसे कम प्रतिशत तनहुं 1 में हुआ। चुनाव आयोग के प्रवक्ता सूर्य प्रसाद आर्यल के मुताबिक बारा 2 में 64 फीसदी, चितवन 2 में 63 और तनहुं 1 में 53 फीसदी मतदान हुआ। 20 नवंबर 2022 को हुए संसदीय चुनाव में जितने वोट पड़े थे, उतने ही वोट बारा के उपचुनाव में पड़ा है। हालांकि चितवन और तनहुं में पिछले चुनावों की तुलना में कम वोटिंग हुई।

आयोग के मुताबिक बारा में आधी रात से पहले और बाकी दो इलाकों में आधी रात के बाद ही मतगणना शुरू होगी। उपचुनाव में संसद की चौथी सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने चितवन 2 से और छठा सबसे बड़ा दल जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव बारा 2 से उम्मीदवार हैं। ऐसे ही तनहुं 1 से स्वर्णिम वाग्ले उम्मीदवार हैं। तीनों क्षेत्रों में लोकप्रिय उम्मीदवार होने से कड़ी प्रतिस्पर्धा है।

## अमेरिका में विमान पक्षी से टकराया, इंजन में लगी आग

**वाशिंगटन।** अमेरिकन एयरलाइंस का एक बोइंग-737 विमान आसमान में पक्षी से टकरा गया। इससे इंजन में आग लग गई। विमान को आपात स्थिति में उतारना पड़ा। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या- 1958 कोलंबस में जॉन ग्लेन कोलंबस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से फीनिक्स की ओर जाने के लिए प्रातः 7:45 बजे उड़ान भरी। उड़ान भरते ही विमान से



एक पक्षी टकरा गया।इससे विमान के इंजन में आग लग गई। यह घटना कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। आग लगने की जानकारी मिलने पर विमान को निकटवर्ती ओहियो हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। विमान के दाहिने इंजन से लपटें, चिंगारी और धुआं निकलता दिख रहा है। जॉन ग्लेन कोलंबस इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने ट्वीट किया है-आज सुबह एक विमान में आग लग गई थी, जिसकी सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। हवाईअड्डा खुला हुआ है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना की जांच की जा रही है।

## बुर्किना फासो के यतेंगा प्रांत के गांव में हमला, 60 लोगों की हत्या

**औगाडोगू।** पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के सीमावर्ती प्रांत यतेंगा के करमा गांव में सेना की वर्दी पहने अज्ञात लोगों ने हमलाकर 60 लोगों की हत्या कर दी। इस हमले में बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। यह क्षेत्र अफ्रीकी देश माली और बुर्किना फासो की सीमा पर है। बुर्किना फासो में पिछले कुछ समय से ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं। 15 अप्रैल को भी 40 लोगों की हत्या कर दी गई थी। सरकारी बयान में इसके लिए संदिग्ध जिहादियों को जिम्मेदार ठहराते हुए अपनी धरती की रक्षा के लिए 40 लोगों के शहीद होने की बात कही गई थी। हाल ही में ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा था कि 2022 के बाद से बुर्किना फासो में नागरिक समूहों पर सशस्त्र समूहों के हमलों में वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल बुर्किना फासो में सेना




ने तख्तापलट किया है। किन्तु वह हिंसा पर रोक नहीं लगा पाई है। इसकी शुरुआत 2012 में पड़ोसी देश माली में हुई थी। यह धीरे-धीरे बुर्किना फासो और नाइजर तक पहुंच गई है। इस हिंसा में अब तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं।

## सूडान में अमेरिकी दूतावास के कर्मियों को बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी हुई: Biden

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शाम कहा कि अमेरिकी सेना ने सूडान से अपने दूतावास कर्मियों को बाहर निकालने का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने सूडान में सत्तासंघर्ष में उलझे दो प्रतिद्वंद्वी नेताओं से''अनुचित'' हिंसा को समाप्त करने का आह्वान भी किया। बाइडन ने सूडान से अमेरिकी दूतावास कर्मियों को बाहर निकालने के अभियान के लिए अमेरिकी सैनिकों को धन्यवाद दिया। इस निकासी अभियान के पूरा हो जाने के साथ ही अमेरिका ने सूडान की राजधानी खार्तूम में अमेरिकी मिशन दूतावास को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया।इस मिशन की जानकारी रखने वाले अमेरिका के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि दूतावास कर्मियों को इथियोपिया में किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। सूडान में दो कमांडर के बीच जारी संघर्ष में 400 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरे सप्ताह भी जारी इस संघर्ष का सूडान की सीमाओं से परे भी असर पड़ने की आशंका है। बाइडन ने एक बयान में कहा, ''मुझे हमारे उन दूतावास कर्मियों की असाधारण प्रतिबद्धता पर गर्व है, जिन्होंने पूरे साहस और पेशेवर तरीके से अपने कर्तव्य का निर्वहन किया और सूडान के लोगों के साथ अमेरिका की मित्रता और संबंधों को मूर्त रूप दिया।'' उन्होंने कहा, ''मैं हमारी सेना के बेजोड़ कौशल का आभारी हूं, जो उन्हें (दूतावास कर्मियों को) सफलतापूर्वक लेकर आई।'' बाइडन ने इस अभियान में मदद करने के लिए जिबूती, इथियोपिया और सऊदी अरब को भी धन्यवाद दिया। सूडान में संघर्ष समाप्त होने के कोई संकेत नहीं मिलने के बीच बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा दल ने दूतावास के कर्मियों को वहां से बाहर निकालने की शनिवार को सिफारिश की थी, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिकी सशस्त्र बलों को इस संबंध में आदेश दिए थे। बाइडन ने कहा, ''सूडान में जारी त्रासदीपूर्ण हिंसा पहले ही सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान ले चुकी है। यह अनुचित है और इसे रोका जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हिंसा में शामिल पक्षों को तत्काल और बिना शर्त संघर्ष विराम लागू करना चाहिए, निर्बाध मानवीय (सहायता) पहुंच की अनुमति देनी चाहिए और सूडान के लोगों की इच्छा का सम्मान करना चाहिए।''

## जब कार्यक्रम में अलग-अलग धर्म के प्रतिनिधि मंच से ही करने लगे भारत के पीएम की तारीफ

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के बंजिल पैलेस में आयोजित विश्व सद्भावना कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक समुदायों से जुड़े लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई सांसद जेसन वुड ने कार्यक्रम को सफल बताया। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक नेताओं के साथ शांति और सद्भाव की एक सुर में बात करके अच्छा लगा। यह कार्यक्रम वाकई बहुत शानदार अनुभव रहा। बता दें, जेसन ऑस्ट्रेलिया में सामुदायिक सुरक्षा, प्रवासी सेवाओं और बहुसांस्कृतिक मामलों के छाया मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में सकारात्मक संदेश भेजने वाले धार्मिक नेताओं का होना महत्वपूर्ण है।

**ये लोग रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम में एनआईडी फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक सतनाम सिंह संधू, ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त राजदूत मनप्रीत वोहरा, ऑस्ट्रेलिया के एंग्लिकन चर्च के बिशप फिलिप जेम्स हगिंस, विक्टोरिया में अहमदिया मुस्लिम समुदाय के एक सदस्य डॉ तारिक बट सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया था।

**संधू ने पुस्तक की भेट**

सतनाम सिंह संधू ने 'हार्टफेल्ट लेगेसी टू द फेथ' पुस्तक भी भेंट की, जो सिख समुदाय के लिए पीएम मोदी द्वारा किए गए योगदान और कार्यों पर आधारित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष होने की सराहना की।

**भारत आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था**

संधू ने कहा कि विभिन्न समुदायों और धर्मों के लोग



सदियों से भारत में रहते आए हैं और हम सभी सांप्रदायिक सद्भाव में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में भारत एक विकसित राष्ट्र बनने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ा है। साथ ही दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। कई अन्य देशों की तरह भारत में सभी समुदायों को पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त है। उन्हें जाति, पंथ या धर्म के किसी भी भेदभाव के बिना सभी अवसर दिए जाते हैं। इतना ही नहीं पीएम मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित भी महसूस करते हैं।

**विदेश में 9 साल के विकास कार्य की हुई तारीफ**

उन्होंने मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि देश में पिछले 9 साल में हुए विकास कार्य और उससे पहले 65 साल में किए गए काम में स्पष्ट अंतर है। दुनिया ने हर क्षेत्र में अपार विकास किया है, लेकिन उसे सच्ची शांति केवल धर्म से मिलती है। हमें धार्मिक सद्भाव और विश्व शांति पर ध्यान देना चाहिए। क्षेत्रीय मतभेदों को पार करना चाहिए और सभी को ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

**क्या है सद्भावना कार्यक्रम**

सद्भावना कार्यक्रम एनआईडी फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई एक पहल है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दृष्टिकोण को लेकर पूरी दुनिया को 'एक परिवार' के रूप में दुनिया के हर कोने में ले जाती है। इस कार्यक्रम में धार्मिक नेताओं, बुद्धिजीवियों, विद्वानों, प्रचारकों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। नामधारी समाज के आध्यात्मिक गुरु सतगुरु उदय सिंह ने कहा कि धर्म सबको जोड़ता है और धर्म का अर्थ प्रेम और शांति है।

**पीएम मोदी के पास है जादू**

जेम्स हगिंस ने कहा कि वह भारत के खिलाफ बनाई जा रही कहानी से सहमत नहीं हैं कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, विक्टोरिया में अहमदिया मुस्लिम समुदाय के एक सदस्य डॉ तारिक बट, जो पाकिस्तान से हैं और अब ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं, ने कहा कि यह आयोजन एक बड़ी पहल है। हिंदू और मुस्लिम समुदायों को एक साथ लाने वाला एक मंच है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सद्भाव और शांति को बढ़ावा देने के लिए सभी समुदायों को साथ जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करके सही काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के पास वह करिश्मा है जहां लोग उनके धार्मिक झुकाव की परवाह किए बिना उनका अनुसरण कर रहे हैं, जो अच्छा है।

## सूडान पोर्ट बन सकता है बचाव अभियानों का केंद्र, WHO ने कहा- लड़ाई में अब तक 413 लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी मीडिया के मुताबिक सूडान में करीब 11,000 अमेरिकी नागरिक मौजूद हैं। उन्हें सूडान पोर्ट पहुंचने के लिए कहा गया है, जहां से अमेरिकी नौसेना उन्हें निकालेगी। सऊदी ने भी शनिवार को बताया कि हजारों से ज्यादा लोग कारों व दूसरे वाहनों से सूडानी पोर्ट पर पहुंच रहे हैं, जहां से सऊदी नौसेन उन्हें जेद्दाह पोर्ट तक पहुंचा रही है।

वहीं, यूरोपीय देशों ने भी अपने नागरिकों को सूडानी पोर्ट तक पहुंचने के लिए कहा है। माना जा रहा है कि सूडानी सेना और आरएसएफ आने वाले दिनों में सूडान पोर्ट की तरफ जाने वाले रास्तों पर हिंसा रोककर विदेशी नागरिकों की सुरक्षित निकासी के लिए ग्रीन कॉरिडोर बना सकते हैं। सूडान पोर्ट लाल सागर में जेद्दाह पोर्ट से कुछ ही दूरी पर है।

वहीं, सूडानी सेना ने आरोप लगाया कि सूडान पोर्ट की तरफ बढ रहे कतरी नागरिकों के काफिले पर आरएसएफ ने हमला कर लूटपाट की है। हालांकि, कतर की तरफ से इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की गई है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने बताया कि रविवार को सूडान में उनका एक राजनयिक भी गोली लगने से घायल हुआ है। अमेरिका, ब्रिटेन व फ्रांस ने खारतूम स्थित अपने-अपने दूतावासों में मौजूद कर्मचारियों और उनके परिवारों को एयरलिफ्ट कर लिया है। अब वे दूसरे यूरोपीय देशों की मदद कर रहे हैं। वहीं, नीदरलैंड्स के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दो हरक्यूलिस सी-130 और एक एयरबर ए 330 जॉर्डन भेजे हैं। जबकि, जापान ने अपने दूतावास कर्मियों सहित 63 लोगों को जिबूती के रास्ते बाहर निकाल लिया है।

**सूडान में अब तक लड़ाई में 413 लोगों की मौत**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि वर्तमान सूडान संघर्ष में 413 लोग मारे गए हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र के बच्चों की एजेंसी ने कहा कि बच्चों को उच्च कीमत चुकानी पड़ रही है, जिसमें कम से कम नौ मारे गए हैं। डब्ल्यूएचओ की प्रवक्ता मार्गरेट हैरिस ने संयुक्त राष्ट्र की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सूडान में सरकार के आंकड़ों के मुताबिक संघर्ष में 413 लोगों की मौत हुई है और 3551 लोग घायल हुए हैं।

## यूएस की झील में तैराकी के लिए गए दो भारतीय छात्रों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इंडियाना की एक झील में तैरने के दौरान पिछले सप्ताह लापता हुए दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई है। स्थानीय प्राधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की। समाचार पत्र 'यूएसए टुडे' ने बताया कि सिद्धांत शाह (19) और आर्यन वैद्य (20) गत 15 अप्रैल को अपने मित्रों के एक समूह के साथ इंडियानापोलिस से लगभग 102 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित मोनरो झील में तैराकी के लिए गए थे, लेकिन वे पानी से बाहर नहीं आए। जांचकर्ताओं ने 18 अप्रैल को बताया कि दो दिन तक गहन तलाश अभियान के बाद गोताखोरों ने सतह से 18 फुट नीचे उनके शव बरामद किए।दोनों इंडियाना विश्वविद्यालय के 'केली स्कूल ऑफ बिजनेस' के छात्र थे। 'इंडियाना डिपार्टमेंट ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज' के हवाले से समाचार पत्र ने बताया कि शाह और वैद्य 15 अप्रैल अपने मित्रों के साथ झील में गए थे, लेकिन वे दोनों पानी से बाहर नहीं आए। इसने बताया कि शाह और वैद्य के मित्रों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। अधिकारियों ने बताया कि तलाश अभियान मौसम संबंधी खराब परिस्थितियों के कारण बाधित हुआ, लेकिन दोनों के शव इस व्यापक अभियान के बाद 18 अप्रैल को बरामद कर लिए गए।

## एक बार फिर न्यूजीलैंड की धरती कांपी, 7.2 तीव्रता का आया जोरदार भूकंप

**वेलिंगटन।** दुनियाभर में भूकंप की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस बीच सोमवार सुबह न्यूजीलैंड में काफी तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार भूकंप की रिक्टर स्केल की तीव्रता 7.2 दर्ज [illegible] बारिश और बर्फबारी में कमी, विनाशकारी बाढ़ और भूकंप में




वृद्धि जैसे परिवर्तन इसके उदाहरण हैं।

**सुबह-सुबह महसूस किए झटके**

एनसीएस के अनुसार, भूकंप के झटके सुबह 6.11 बजे न्यूजीलैंड के उत्तर-पूर्व में स्थित कर्माडेक आईलैंड पर महसूस किए गए। हालांकि अभी तक इस किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं मिली है। वहीं, युनाइटेड स्टेट्स जिओलॉजिकल सर्वे यानी यूएसजीएस ने बताया कि यह भूकंप जमीन से 10 किलोमीटर नीचे गहराई में आया था।

**पिछले महीने भी आया था भूकंप**

बता दें, पिछले महीने भी न्यूजीलैंड में खतरनाक भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। तब भी कर्माडेक आईलैंड के पास ही धरती कांपी थी। तब भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.1 आंकी गई थी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## PM गुणावर्धने ने सीता मंदिर वाले विशेष कवर का किया अनावरण, ध्यान केंद्र की भी आधारशिला रखी

**कोलंबो।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणावर्धने ने ऐतिहासिक नुवारा एलिया शहर के पास सीता मंदिर वाले एक विशेष स्मारक कवर का अनावरण किया। उन्होंने रामायण प्रसिद्ध अशोक वाटिका स्थल पर भी एक 'ध्यान केंद्र' की आधारशिला रखी, ताकि नकदी संकट से जूझ रहे देश में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। प्रधानमंत्री के साथ भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस भव्य समारोह में मौजूद थे।

भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री गुणावर्धने उच्चायुक्त और अन्य गणमान्य लोगों के साथ आज श्रीलंका में नुवारा एलिया के पास सीता मंदिर वाले एक विशेष स्मारक कवर का अनावरण किया। उन्होंने मंदिर में एक ध्यान केंद्र की आधारशिला




भी रखी, जिसे महाकाव्य रामायण में अशोक वाटिका के स्थान को दर्शाया गया है। ध्यान केंद्र, मंदिर में सुविधाओं को बढ़ाएगा और भारत व अन्य स्थानों से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद करेगा।

अशोक वाटिका, श्रीलंका का एक बगीचा है हिंदू महाकाव्य रामायण में जिसके बारे में माना जाता है कि रावण ने सीता को यहीं बंदी बना लिया था। बगीचे का नाम अशोक के पेड़ के नाम पर रखा गया था, जिसे हिंदुओं के बीच पवित्र माना जाता है। देश के पर्यटन विभाग ने कहा कि श्रीलंका ने इस साल मार्च में 1.25 लाख से अधिक पर्यटकों का स्वागत किया, जिसमें अधिकांश आगमन रूसी और भारतीय थे।

पर्यटन क्षेत्र श्रीलंका के लिए विदेशी मुद्रा आय का मुख्य स्रोत है। हालांकि, 2020 में महामारी की शुरुआत ने इस क्षेत्र को गंभीर रूप से अपंग बना दिया। यह श्रीलंका की आर्थिक कठिनाइयों के प्रमुख कारणों में से एक था। श्रीलंका पिछले साल से एक बड़े आर्थिक, मानवीय और राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है। आर्थिक संकट से निपटने में सरकार की गलती के कारण पिछले साल अप्रैल से श्रीलंका में सरकार के खिलाफ सड़कों पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सितंबर 2022 में आईएमएफ ने देश को अपने सबसे खराब आर्थिक संकट से उबरने में मदद करने के लिए 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बेलआउट पैकेज की घोषणा की।

## हिंदुस्तान जिंक बनी विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी

**उदयपुर।** सिल्वर इंस्टीट्यूट द्वारा वर्ल्ड सिल्वर सर्वे 2023 में हिंदुस्तान जिंक को भारत की अग्रणी जिंक-लैड-सिल्वर उत्पादक कम्पनी के साथ दुनिया में 5वीं सबसे बड़े चांदी उत्पादक कम्पनी की वरीयता दी गई है। अब भारत का स्थान शीर्ष 20 चांदी उत्पादक देशों में है। इससे पहले, कंपनी छठी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक थी, जो वर्ष 2022 में 694 टन चांदी के उत्पादन के साथ 5वें स्थान पर आ गयी है। हिंदुस्तान जिंक कम्पनी भारत की

HINDUSTAN ZINC

एकीकृत चांदी का 100 प्रतिशत उत्पादन करती है। कंपनी ने 2002 में 41 टन की अल्प क्षमता से 800 टन की उत्पादन क्षमता के साथ विनिवेश के बाद से चांदी का उत्पादन कई गुना बढ़ा दिया है। इससे पहले, उत्तराखंड में पंतनगर स्थित हिंदुस्तान जिंक की सिल्वर रिफाइनरी को भी लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन, एलबीएमए द्वारा मान्यता दी गई है और इसे लंदन गुड डिलीवरी सूची में जोड़ा गया है। इसकी रिफाइनरी में उत्पादित चांदी 99.99 प्रतिशत शुद्ध एवं एलबीएमए प्रमाणित है। द सिल्वर इंस्टीट्यूट द्वारा वर्ल्ड सिल्वर सर्वे 2023 के अनुसार वैश्विक स्तर पर चांदी की कुल आपूर्ति का परिदृश्य 2021 के पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1,004 मिलियन औंस पर स्थिर रहा है।

भारत में चांदी की मांग में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई, जो मुख्य रूप से आभूषण निर्माण, चांदी के बर्तनों की मांग और महामारी के बाद भौतिक निवेश की बढ़ती मांग से प्रेरित है।